Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874


वर्षः 6 अंकः 04 | शनिवार, 04 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## केजरीवाल का मोदी पर पलटवार

# बोले- आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आई, न सीएम चेहरा है और न एजेंडा

**नई दिल्ली।**

केजरीवाल ने कहा कि जो काम करता है उसे डांटना नहीं चाहिए, जो नहीं करता उसे डांटना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 2020 में संकल्प पत्र दिया था, अब तक पांच साल में केवल 4700 घर बने हैं। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को पीएम मोदी की 'आपदा सरकार' टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। केजरीवाल ने कहा कि जो लोग लोगों के लिए काम करते हैं वे कभी दूसरों का दुरुपयोग नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज दिल्ली आकर 43 मिनट का भाषण दिया, 39 मिनट तक उन्होंने दिल्ली की प्रचंड बहुमत से बनी सरकार को गालियां दीं। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें यह बताने में दो से तीन घंटे लगेंगे कि दिल्ली सरकार ने दस साल में कितने काम किए हैं, लेकिन बीजेपी ने ऐसा कुछ नहीं किया है जिसे प्रधानमंत्री आज कह सकें।



केजरीवाल ने कहा कि जो काम करता है उसे डांटना नहीं चाहिए, जो नहीं करता उसे डांटना चाहिए। प्रधानमंत्री ने 2020 में संकल्प पत्र दिया था, अब तक पांच साल में केवल 4700 घर बने हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने इन 10 सालों में काम किया होता तो शायद आज उन्हें दिल्ली की जनता को इतनी गालियां देने की जरूरत नहीं पड़ती। जो काम करता है, वह गाली नहीं देता। जो काम नहीं करता, वह गालियों के बल पर चुनाव लड़ता है। 2020 में पीएम मोदी ने दिल्ली की जनता से कई वादे किए। 2020 के 'संकल्प पत्र' में साफ कहा गया है कि "2022 तक दिल्ली में हर किसी को पक्का घर मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि 2020 से लेकर आज तक पीएम मोदी 1700 घरों की चाबियां सौंप चुके हैं। इससे पहले उन्होंने कालकाजी में 3,000 घर सौंपे। तो, उन्होंने पांच साल में 4,700 घर बनाए हैं, जबकि दिल्ली में 4 लाख झुग्गियां हैं और 15 लाख लोगों को घर की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा गरीबों की दुश्मन है।

> दिल्ली में झुग्गियां तोड़कर 2 लाख से ज्यादा लोगों को बेघर किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम ने कहा कि दिल्ली में 'आपदा' है? बीजेपी को 'आपदा' का सामना करना पड़ा क्योंकि उसके पास दिल्ली चुनाव के लिए कोई सीएम चेहरा, कथा, मुद्दा नहीं है। मोदी के ?शीशमहल? वाले तंज पर आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं निजी हमलों में शामिल नहीं होता।

## सामने बैठे थे मुइज्जू के मंत्री, तभी मोदी के जय ने कहा कुछ ऐसा, चौंक उठेगा पूरा मालदीव



**नई दिल्ली।**

जयशंकर ने कहा कि मैं आपकी और आपके प्रतिनिधिमंडल का आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत में स्वागत करता हूं। मैं नए साल की शुभकामनाएं देता हूं, और मुझे कहना होगा कि आप इस वर्ष के लिए मेरे पहले आधिकारिक आगंतुक, राजनयिक आगंतुक हैं, इसलिए आपका दोगुना स्वागत है। अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत पहुंचे मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से चर्चा की।

जयशंकर ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी के दौरान सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्रा के उपयोग की सुविधा के लिए एक रूपरेखा पर हस्ताक्षर करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे प्रमुख विकासों का उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि मैं आपकी और आपके प्रतिनिधिमंडल का आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत में स्वागत करता हूं। मैं नए साल की शुभकामनाएं देता हूं, और मुझे कहना होगा कि आप इस वर्ष के लिए मेरे पहले आधिकारिक आगंतुक, राजनयिक आगंतुक हैं, इसलिए आपका दोगुना स्वागत है। जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विकास हैं, रिपोर्ट करने के लिए सकारात्मक विकास हैं, और निश्चित रूप से हमें और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है, मैं देख रहा हूं कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जयशंकर ने मालदीव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की और देश को भारत की पड़ोसी प्रथम नीति की ठोस अभिव्यक्ति के रूप में वर्णित किया। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायवाल ने एक्स पर पोस्ट में व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर प्रकाश डाला था, जिस पर अक्टूबर 2024 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पांच दिवसीय भारत यात्रा के दौरान चर्चा की गई थी।

> ■ भारत पहुंचे मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से चर्चा की।



## मणिपुर के कांगपोकपी में भीड़ ने एसपी ऑफिस पर किया हमला, पुलिस के वाहन क्षतिग्रस्त

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शुक्रवार शाम को भीड़ ने एसपी आफिस पर हमला कर दिया। हमले में पुलिस अधीक्षक मनोज प्रभाकर समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, कुकी लोगों की मांग इंफाल पूर्वी जिले की सीमा पर मौजूद गांव सैबोल से सुरक्षाबल को हटाने की है। समुदाय का आरोप है कि एसपी ने केंद्रीय बलों को गांव से बाहर नहीं निकाला है।

दरअसल, सैबोल गांव में 31 दिसंबर को सुरक्षाबलों ने कथित तौर पर महिलाओं पर लाठीचार्ज किया था। इसके विरोध में कुकी संगठन के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार शाम को हमलावरों ने गांव में केंद्रीय बलों खासकर बीएसएफ और सीआरपीएफ की लगातार तैनाती पर अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए एसपी कार्यालय पर फायरिंग की और पत्थर फेंके। कई वाहनों को नुकसान हुआ है।

## आपदा को हटाना होगा, बीजेपी को लाना होगा

# मनोज तिवारी बोले- केजरीवाल की दुनिया झूठ और लूट की

**नई दिल्ली।**

मनोज तिवारी ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल खुद दिल्ली के लोगों के लिए 'आपदा' बन गए हैं। अब 'आपदा' को हटाना होगा और बीजेपी को लाना होगा'।

उन्होंने कहा कि दिल्ली को याद है, कोविड के समय जब दिल्ली को ऑक्सीजन की जरूरत थी, केजरीवाल 'शीश महल' बना रहे थे। दिल्ली की सियासत तेज हो गई है। भाजपा और आप के बीच वार-पलटवार का दौर देखने को मिल रहा है। पीएम मोदी ने आज अपने संबोधन में दिल्ली सरकार को 'आपदा सरकार' कहते हुए तंज कसा। अब भाजपा नेता भी आप पर इसको लेकर निशाना साधने लगे हैं। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा अरविंद केजरीवाल का जमीन से नाता टूट गया है, अब उनका संपर्क गांव के लोगों से, गरीबों से, झुग्गी-झोपड़ियों के लोगों से नहीं रहा, वह अब एक दुविधा में फंस गए हैं, जो झूठ और लूट की दुनिया है। इसलिए अरविंद केजरीवाल को नहीं पता कि लोग किन मुद्दों से जूझ रहे हैं और लोगों को केंद्र से क्या मिला है।

अब 'आपदा' को हटाना होगा और बीजेपी को लाना होगा'। उन्होंने कहा कि दिल्ली को याद है, कोविड के समय जब दिल्ली को ऑक्सीजन की जरूरत थी, केजरीवाल 'शीश महल' बना रहे थे। आज, जैसा कि पीएम ने कहा, अगर हम चाहते तो 'शीश महल' भी बना सकते थे, लेकिन हमने गरीबों के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल लोगों को पानी तक मुहैया नहीं करा सके। दिल्ली के लोग पीने का पानी खरीदने को मजबूर हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के लिए आपदा करार देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में कुछ ह्यकट्टर बेईमान लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को ह्यआप-दा में धकेल दिया है। आवास एवं शिक्षा समेत राष्ट्रीय राजधानी में बुनियादी ढांचा से जुड़ी विभिन्न परियोजनायों के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी में इसका शासन चलता रहा तो भविष्य में दिल्ली को वे ह्यऔर भी विकराल स्थिति की तरफ ले जाएंगे। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के विकास के वादे कर सत्ता में आने वाली केंद्र शासित प्रदेश की सरकार आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़ी है। अगले महीने राजधानी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली ने इस आप-दा के खिलाफ युद्ध छेड़ा है और इससे छुटकारा पाने का फैसला किया है।



## आईडीएफ के हमलों में 30 से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत

**नई दिल्ली।** गाजा में इस्राइल और फलस्तीनी समूह हमास के बीच पिछले 14 महीनों से अधिक समय से संघर्ष जारी है, लेकिन हाल में ऐसे रॉकेट हमले कम हो गए थे। हालांकि, इस्राइल के उत्तर में तीन महीने के आक्रमण के बाद ये हमले फिर से बढ़ने लगे हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव दिनोंदिन गहराता जा रहा है। इस बीच, इस्राइली सेना ने बड़ा दावा किया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को कहा कि गाजा पट्टी की ओर से उसके क्षेत्र को निशाना बनाकर तीन रॉकेट दागे गए हैं। गौरतलब है कि हमास के लड़ाकों की ओर से ये हमला तब किया गया है जबकि दिन में आईडीएफ ने गाजा पट्टी को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किये थे। इन हमलों में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई।

## खनौरी में आज महापंचायत... अनशन पर बैठे डल्लेवाल देंगे संदेश

**चंडीगढ़/पटियाला/जींद।**

खनौरी में किसानों की शनिवार को बड़ी किसान महापंचायत होगी। इसमें पंजाब और हरियाणा समेत दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में पहुंचेंगे। 39 दिन से आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल महापंचायत में किसानों को संदेश देंगे।

हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर शंभू व खनौरी में बैठे किसानों की सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी के साथ शुक्रवार को बैठक नहीं हो पाई। किसान संगठनों के सदस्यों के बैठक में आने से मना करने पर इसे पहले स्थगित किया गया, लेकिन बाद में रद्द कर दिया गया। कमेटी ने भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां को चार जनवरी को बैठक के लिए आमंत्रित किया। अब उगराहा से जुड़े किसानों ने भी इनकार कर दिया। बैठक में शामिल नहीं होने पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई गई कमेटी से बातचीत के लिए हम लोग नहीं जाएंगे। यह पहले ही साफ किया जा चुका है कि यह मामला अदालतों का नहीं है। हमारी मांग केंद्र सरकार से है। केंद्र सरकार हमसे बातचीत करे। दूसरी ओर, खनौरी में किसानों की शनिवार को बड़ी किसान महापंचायत होगी। इसमें पंजाब और हरियाणा समेत दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में पहुंचेंगे।



## दिल्ली-यूपी में छाया घना कोहरा, सैकड़ों उड़ानें और ट्रेन हुई लेट

**नई दिल्ली।**

दिल्ली और यूपी में शुक्रवार शाम से ही घना कोहरा पड़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बर्फबारी थमने से राहत मिली है और दोपहर के बाद धूप खिल रही है। वहीं मैदानी इलाकों में घने कोहरे के असर से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई है। इसका हवाई, रेल और सड़क यातायात पर भी असर पड़ रहा है।

शुक्रवार को सुबह दो घंटे दिल्ली घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। इस कारण आइजीआइ एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं। उधर, श्रीनगर एयरपोर्ट भी दोपहर तक ठप रहा और अमृतसर एयरपोर्ट पर तीन उड़ानें रद करनी पड़ीं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी कोहरे का असर मैदानी क्षेत्रों में रहेगा। कई क्षेत्रों में दृश्यता शून्य हुईदिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी में कई इलाकों में सुबह दृश्यता शून्य भी रही। इस कारण लगभग 100 ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंची। दिल्ली से रवाना होने वाली 41 ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया। कुछ यही हाल पंजाब का भी रहा। जहां तीन जिलों में दृश्यता शून्य रही। राज्य में भठिंडा और गुरुदासपुर पांच डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडे स्थल रहे। इधर हरियाणा में ठंड बढ़ने के साथ ही शुक्रवार को प्रदेश कोहरे की चादर में लिपटा रहा। दृश्यता 10 मीटर होने से कई जिलों में हादसे हुए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्का से मध्यम कोहरा और पूर्वी उत्तर प्रदेश में घने कोहरे की संभावना है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर और इटावा में सबसे कम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों स्थान प्रदेश में सबसे ठंडे रहे ।राजस्थान में वनस्थली 5.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य में सबसे ठंडा स्थान रहा।



## संपादक की कलम से

### निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरूआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा।



ललित शर्मा
संपादक

# जगहंसाई से बचने के लिए नेता निकाले समाधि स्थल का समाधान

देश में नेताओं की फितरत में शामिल हो चुका है किसी न किसी वजह से विवादों को जन्म देना। इसके लिए किसी का जन्म-मरण भी नहीं देखा जाता। विवादों के चलते राजनीति इतने निचले स्तर पर जा चुकी है कि दिवंगत विभूतियों को भी नहीं बख्शा जाता। इसमें नेताओं का अहम और राजनीतिक आड़े आ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह भी इसी राजनीति का शिकार हो गए। सिंह की चिता की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई है कि उनकी समाधी स्थल को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और कांग्रेस तथा विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लग गए। दिल्ली में सिंह के स्मारक के लिए जगह को लेकर कांग्रेस और सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

सिंह के स्मारक के मुद्दे पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को देश के महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया है। राहुल गांधी के मुताबिक आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में असम्मान और कुप्रबंधन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि डीडी (दूरदर्शन) को छोड़कर किसी भी समाचार एजेंसी को अनुमति नहीं दी गई। डीडी ने मोदी और शाह पर ध्यान केंद्रित किया। सिंह के परिवार को बमुश्किल ही कवर किया। उन्होंने दावा किया कि सिंह के परिवार के लिए केवल तीन कुर्सियां सामने की पंक्ति में रखी गईं। कांग्रेस नेताओं, सिंह की बेटियों और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के लिए सीट की व्यवस्था की खातिर जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इस महान राजनेता के साथ इस अपमानजनक व्यवहार से सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता उजागर होती है। खेड़ा ने दावा किया कि हैरानी की बात यह रही कि जब भूटान के नरेश खड़े हुए, तो प्रधानमंत्री मोदी खड़े नहीं हुए। अंतिम संस्कार की रस्में निभाने वाले पोतों को चिता तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा तथा विदेशी राजनयिकों को कहीं और बैठाया गया और वे नज? नहीं आए। कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा कैसे पीछे रह सकती थी। यह देखे बगैर की इस मुद्दे पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भद्द पिटेगी, भाजपा पलटवार करने में पीछे नहीं रही। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे देश के पूर्व प्रधानमंत्री सम्मानीय मनमोहन सिंह जी के दुखद देहावसान पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस की इस घटिया सोच के लिए जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीते-जी कभी भी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, लेकिन अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। इस विवाद में आम आदमी पार्टी भी कूद पड़ी। (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किया गया। इसके पूर्व भारत के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। केजरीवाल ने सवाल किया कि सिख समाज से आने वाले और पूरी दुनिया में ख्यातिप्राप्त 10 वर्ष भारत के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए भाजपा सरकार 1000 गज जमीन भी न दे सकी?



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक भी बन सके। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी। आश्चर्य यह है कि अतिविशिष्ट व्यक्तियों के स्मारक के बारे कायदे-कानून का फैसला मनमोहन सिंह की ही सरकार ने वर्ष 2013 में लिया था। इसके मुताबिक दिल्ली में वीवीआईपी के लिए अलग से कोई स्मारक नहीं होगा और राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों जैसे दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के स्मारकों के लिए एक साझा परिसर बनाने का फैसला किया था। यूपीए सरकार ने राजघाट के पास अलग-अलग समाधियों के निर्माण पर रोक लगाने का फैसला लिया था। सिंह के समाधिस्थल को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री रहे नरसिम्हा राव की समाधि को लेकर किए गए बर्ताव को भूल गई।

कांग्रेस की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार राव के स्मारक के लिए 10 साल तक जगह नहीं दी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री राव के कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी से राजनीतिक रिश्ते कभी सौहाद्रपूर्ण नहीं रहे। यही वजह रही कि कांग्रेस उनकी समाधि को लेकर उपेक्षा करती रही। साल 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई तब स्मारक बनाने का प्रस्ताव दिया गया। तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एम. वेंकैया नायडू ने इस पर तेजी से काम किया। ऐसा नहीं है कि अतिशिष्टि व्यक्तियों की समाधिस्थल को लेकर विवाद आगे नहीं होगा।

केंद्र में सत्ता बदलने पर फिर ऐसी ही हास्यादपद हालात पैदा हो सकते हैं। बेहतर यही होगा कि ऐसे मुद्दों पर तुच्छ राजनीति से परे राजनीतिक दलों को मिल बैठ कर स्थायी हल ढूंढना चाहिए, ताकि दिवंगत की आत्मा को शांति मिले और ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर जगहसाई से बचा जा सके।

**- योगेन्द्र योगी**



लक्ष्मीनारायण सेन

## क्या भरोसा

कविता

जिंदगी की क्या भरोसा
आज मेरी सांसें चल रही है
कल क्या पता रूक जाएगी
तन शव बन कर रह जाएगी।।

जिंदगी की क्या भरोसा
बातों मे बात रह जाएगी
यादों मे याद रह जाएगी
तकरार मे रार रह जाएगी।।

जिंदगी की क्या भरोसा
ये तन मुर्दा एक बन जाएगी
चिता बनकर जल जाएगी
राख बन कर उड़ जाएगी।।

जिंदगी की क्या भरोसा
पंच तत्व मे विलीन हो जाएगी
केवल धूल मिट्टी रह जाएगी
सिर्फ तुम्हे तस्वीर नजर आएगी।।

# स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

वेलकम इंडिया

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है?

भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है।



शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है।

छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है।

भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है।

# चीन में एक बार फिर से एक नए वायरस एचएमपीवी का प्रकोप गहराता जा रहा है

चीन के अस्पतालों में इस नए वायरस से संक्रमित लोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे वहां स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति बन गई है। इस बार ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। सरकारी और वैज्ञानिक एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, इस वायरस से अब तक चीन में 170 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 देशों में इसके 7,834 मामले दर्ज किए गए हैं।

■ **डब्लूएचओ ने किया वैश्विक आपातकाल घोषित :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने इस नए संक्रमण को ₹वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल₹ करार दिया है। डब्लूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने जिनेवा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि यह वायरस तेजी से फैल रहा है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चीन ने पहली बार 31 दिसंबर, 2019 को स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की थी।

■ **संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं :** हाल ही में रिपोर्ट्स में यह पाया गया है कि 16 से 22 दिसंबर के बीच संक्रमण की दर में तेजी आई है। यह वायरस उन क्षेत्रों में अधिक सक्रिय है, जहां तापमान तेजी से गिर रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और रिपोर्ट्स ने इस संकट को और अधिक उजागर कर दिया है।

### क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी)



ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) पहली बार 2001 में खोजा गया था। यह मुख्य रूप से 14 साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है। वायरस मुख्य रूप से सर्दियों के मौसम में फैलता है और खांसी, बुखार, और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण उत्पन्न करता है। चीन के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने लैब रिपोर्टिंग प्रक्रिया को तेज कर दिया है और संक्रमित मरीजों की निगरानी शुरू कर दी है।

■ **आपातकालीन घोषणाओं का इतिहास :** डब्लूएचओ की समिति, पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न, ने अब तक छह बार आपातकालीन स्थिति घोषित की है। समिति प्रमुख डिडियर हौसिन ने कहा कि इस बार का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। पहले के आपातकालीन मामलों में इबोला, स्वाइन फ्लू और कोविड-19 शामिल हैं।

■ **स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास :** चीन सरकार ने अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार करने, वायरस की जांच बढ़ाने, और जनता को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू कर दिए हैं। डब्लूएचओ ने भी इस वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया है।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के बढ़ते मामलों ने दुनिया भर में अलार्म बजा दिया है।

इस गंभीर मामले में दुनिया भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि इस संकट को रोका जा सके। सभी को सतर्क रहने और आवश्यक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है.

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सैनी समाज कल्याण समिति ने मनाई माता सावित्री बाई फुले की जयंती

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** कस्बा गोवर्धन के बरसाना मार्ग स्थित सैनी धर्मशाला में सैनी समाज कल्याण समिति (रजि0) के तत्वावधान में सर्व समाज सहित भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने माता सावित्रीबाई फुले के चित्रपट पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सैनी समाज द्वारा विधायक जी का चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही सभी गणमान्य व्यक्तियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने बताया कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ तथा विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिराव फुले से हुआ था। समाज में तमाम तरह कुरूतियों के बीच अंग्रेजों के शासन में माताजी ने जन्म लिया और भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक रहीं। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। विधायक ने समाज को आश्वस्त किया कि वह भी बिना किसी भेदभाव के सर्वसमाज की सेवा करेंगे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक मेघश्याम सिंह, ठाकुर परशुराम सिंह, अध्यक्ष बिजेंद्र सैनी, अशोक सैनी, परभाती सैनी, नंदकिशोर सैनी, प्रताप सैनी, केशव देव सैनी , रामबाबू सैनी ,ओमवीर सैनी, देवी सिंह सैनी, महावीर सैनी, राकेश सैनी शीतल सैनी, होती लाल सैनी,पवन मेम्बर, रूपकिशोर मेम्बर सहित समाज के तमाम महिला, पुरूष और बच्चे उपस्थित रहे।

## विद्युत कनेक्शन काटने गई टीम के साथ गाली गलौज, अभद्रता

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला मौलानान में संयोजन विच्छेदन का कार्य करने गई विद्युत विभाग की टीम के साथ कई लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर भगा दिया विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने विद्युत टीम के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को नगर के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता शैलेश कुमार यादव ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उच अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत विभाग के टीजीटू अमित मलिक सहित लाइनमैन अंकित,विक्की, संदीप, सोनू संयोजन विच्छेदन का कार्य करने एवं उपभोक्ताओं से बकाया वसूल करने के लिए कस्बे के मोहल्ला मौलानान में गए हुए थे। आरोप है कि मोहल्ला मौलानान निवासी एक व्यक्ति पर बकाया होने पर जब विद्युत विभाग की टीम कनेक्शन काटने के लिए पहुंची तो आरोपी ने विद्युत टीम के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया।

# एनसीसी कैंडेटों ने रैली निकालकर साइबर क्राइम के प्रति लोगों को किया जागरूक




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर साईबर क्राईम और डिजिटल अरेस्ट विषय पर तीन दिवसीय साईबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पूरे जनपद भर में साईबर सुरक्षा विषय पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम /शिविर, प्रभात फेरी, रैलियां एवं नुक्कड़-नाटक आयोजित किए जा रहे है।

शुक्रवार को तहसील परिसर से साईबर सुरक्षा अभियान के तहत सीनियर सीविल जज/सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयेन्द्र सिंह ने वृहद जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली तहसील परिसर शुरू होकर गोमती पुल, एसबीआई तिराहा होते हुए केएमओयू बस स्टेशन पर समाप्त हुई। पराविधिक कार्यकर्ता एवं एनसीसी कैंडेट ने संयुक्त रूप से वृहद रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इससे पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जयेंद्र सिंह ने पराविधिक/अधिकार मित्रों की बैंठक लेते हुए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में साईबर सुरक्षा अभियान के तहत विधिक जागरुकता शिविर, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी एवं रैलियां आयोजित कर अधिक से अधिक आम जनमानस को साईबर क्राईम विषय पर जागरुक करने के निर्देश दिए।

# एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ गुरूवार को गिरिराज की तलहटी पहुंची, सात कोसीय परिक्रमा लगाई



**मथुरा/गोवर्धन।** एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ गुरूवार को गिरिराज जी की तलहटी पहुंची, जहां उन्होंने अपने परिवार के साथ गोल्फ कार्ट से सात कोसीय परिक्रमा लगाई। दानघाटी मंदिर पर अंशु कौशिक ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। परिक्रमा मार्ग के राधाकुंड में श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महन्त केशव दास महाराज के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन कर दीपदान किया। राधाकुंड के श्रीगौरांग संस्कृत विद्यालय के वेदपाठी विद्यार्थियों ने ढोल-मृदंग की धुन पर महामंत्र का जाप किया। तदुपरांत एडीजी राधाकुंड की रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी पर आशीर्वाद लेने पहुंची। जहां पीठाधीश्वर महन्त केशव दास महाराज ने राधारानी की प्रसादी चुनरी भेंट की। एडीजी ने बताया कि यह उनकी धार्मिक यात्रा है। गिरिराज महाराज की तलहटी में आने से श्रीराधा-कृष्ण की लीलाओं के साक्षात दर्शन होते हैं। श्रीकृष्ण पावन अवतार चैतन्य महाप्रभु की लीला स्थली के भी दर्शन किए। गद्दीनशीन पीठाधीश्वर महन्त केशव दास महाराज ने श्रीराधा-कृष्ण की लीलाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर सीओ गोवर्धन आलोक सिंह, गोवर्धन थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, राधाकुंड चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार शर्मा, देवेन्द्र सिंह, व्यास परीक्षित दास, कृष्ण चन्द्र दुबे, पंकज मुखिया आदि थे।

# एक्सिस बैंक के एटीएम से एटीएम बदलकर धोखाधड़ी कर निकाले रुपए



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से अज्ञात दो युवकों ने दोनों नहरों के बीच स्थित एटीएम से पीड़ित का एटीएम बदलकर हजारों की नगदी निकाल ली पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी व्यक्ति संदीप ने बताया कि पीड़ित का कस्बे के एक बैंक में खाता है। पीड़ित अपना एटीएम लेकर कस्बे की दोनों नहरों के बीच स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन से रुपए निकालने के लिए गया था। आरोप है की एटीएम में मौजूद दो युवकों ने पीड़ित को बातों में उलझा लिया और उसका धोखे से एटीएम बदलकर अपने साथ ले गए। पीड़ित काफी देर तक एटीएम मशीन में अपना एटीएम लगाकर रुपए निकालने का प्रयास करता रहा मगर पीड़ित के बैक खाते से कोई भी रुपए नहीं निकले। जब पीड़ित अपने घर पहुंचा तो उसके मोबाइल पर 22 हजार रुपए कटने का एक एसएमएस प्राप्त हुआ।

# ग्रामीणों ने की राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी देने की मांग

वेलकम इंडिया



**मेरठ(जाकिर तुर्क )।** नगर पंचायत शाहजहांपुर व ग्राम नानपुर के ग्रामीण डॉ यूसुफ खान के नेतृत्व में शुक्रवार को निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी देने की मांग को लेकर एन एच ए आई के अधिकारीयों से मिले। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माणधीन फोर लेन से कस्बा शाहजहांपुर ग्राम डभाई. व नानपुर को कोई भी कनेक्टिविटी नहीं मिल रही है। जबकि वहां एक ऐतिहासिक कस्बा व दो गांव को जोड़ने के लिये कनेक्टिविटी देना आवश्यकता है।ग्रामीणों का कहना है कि नगर पंचायत शाहजहांपुर बड़ा कस्बा है जहां फल सब्जी मंडी, डिग्री कॉलेज,और पूरे देश में प्रसिद्ध पेड़ पौधों की नर्सरी का कारोबार है। अगर नगरवासियों कनेक्टिविटी नहीं मिली तो पूरे कस्बे व गांव के कारोबार चौपट हो जाएंगे।ग्रामीणों की मांग पर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने परियोजना निदेशक से दूरभाष वार्ता की तथा ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया जिसपर परियोजना निदेशक राजकुमार नागरवाल ने सोमवार को भौतिक निरीक्षण करने के बाद मांग पूरी करने का आश्वासन दिया है ।

इस मौके पर डॉक्टर युसूफ खान, चेयरमैन वसीउर्ररहमान खान,पूर्व चेयर पर्सन पति तबारक उल्ला खान, अतहर खान, खुर्रम खान, अयाज खान नानपुर, नसीब आलम खा,मुबारक उल्लाह खान,जफर उल्लाह खान, नदीम खान, विनोद, कुमार,शौकत खान, रफिउल्लाह खान आदि लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को अगवा कर छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम से किशोरी को अगवा कर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले एक वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने एक पखवाड़ा पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री घर के बाहर टहल रही थी तभी कई आरोपियों ने उसकी पुत्री को अगवा कर लिया था और फरार हो गए थे। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी पुत्री का कहीं सुराग नहीं लगा था बाद में आरोपी उसकी नाबालिग पुत्री को जनपद बागपत के कस्बा बडौत बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया था और मामले में पांच आरोपियों के विरुद्ध पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज पुलिस ने किया था।

# भाकियू भानु के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्या को लेकर एसडीएम को मांगपत्र सौंपा

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह व जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शुक्रवार को किसानों की समस्यायों से सम्बंधित 6सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम सदर शैलेश दूबे को सौंपा।जिसके निस्तारण की मांग न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।एसडीएम सदर शैलेष दूबे ने मौके पर पहुंचकर समस्याओं के निस्तारण की बात कही।

भाकियू भानु के राष्ट्रीय महाचिव ने कहा कि विकासखण्ड खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम भैसहिया में पूर्व ग्राम प्रधान अजय यादव के मकान से दुर्गा प्रसाद गुप्ता के मकान तक बनी नाली को अंडरग्राउंड किया साथ ही रास्ते पर अतिक्रमण को हटवाया जाय।जिले में चल रहे समूहों के द्वारा महिलाओं को लालच 2प्रतिशत देकर उनसे 18से20प्रतिशत के दर से जबरन वसूली की जाती है।जिससे महिलाओं के साथ ही उनके पतियों के द्वारा आत्महत्या कर ली जारही है।फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी समय से कर्ज नहीं चुकाने पर महिलाओं के जेवर,गहना, गैस सिलेंडर,गाय, भैंस को बेचवा कर जमा करने को मजबूर करते हैं।इसे लेकर कई महिलाओं व उनके पतियों ने आत्महत्या करने का भी प्रयास किया है।इन माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों के लाइसेंस रद्द करने की मांग की है।जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी ने बताया कि ग्राम ब्यारा के चौरसिया टोला में लालजी चौरसिया के घर से लाल बिहारी चौरसिया के मकान तक सड़क पर नाली का गंदा पानी फैला हुआ है जिससे दुर्गंध आती है।जिसके कारण जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है।जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों को आवास सुविधा प्रदान किया जाए। छुट्टा पशुओं से किसानों के मेहनत पर पानी फिर रहा है।उन्हें तत्काल पकड़वाया जाना जनहित जरूरी है। ग्राम जंगल ऊन में विद्युत उपभोक्ता को बस बल्ली के सहारे बिजली आपूर्ति की जाती है। वहां पर तत्काल पोल लगाया जाए।

# भाजपा सभासद कार्यालय पर मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती



वेलकम इंडिया

**कांधला।** नगर की टीचर कॉलोनी स्थित भाजपा सभासद के कार्यालय पर देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई इस दौरान दर्जन लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी इस मौके पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

शुक्रवार को नगर की टीचर कॉलोनी में भाजपा सभासद यशु सैनी के कार्यालय पर सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। भाजपा सभासद यशु सैनी ने कहा कि हर वर्ष तीन जनवरी को महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जाती है। सावित्रीबाई फुले न सिर्फ पहली महिला शिक्षिका थी, बल्कि महान समाजसेविका और नारी मुक्ति आंदोलन की प्रणेता भी थीं। उनका पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष में बीता। उनका नाम आते ही सबसे पहले शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान हमारे सामने आता है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मांगेराम सैनी, बलराज , कंवरपाल सैनी, राजेश सैनी, भोपाल सैनी, सुंदर पाल, संदीप सैनी, जॉनी,देवेंद्र,छोटू, मिंटू, पिंटू सहित आदि मौजूद रहे।

## संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए

# आशाओं पर रखी जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**संतकबीरनगर।** संस्थागत प्रसव में हुई निरंतर गिरावट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक स्तर पर चार सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया है। अधीक्षक को अध्यक्ष, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक को सचिव , बीसीपीएम और प्रतिरक्षण अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा. सुरेश चन्द्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी।



इस दौरान अधीक्षक डा. सुरेश चन्द्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा दिये जाने हेतु संस्थागत प्रसव में वृद्धि किया जाना है परन्तु शासन की मंशा के विपरीत संस्थागत प्रसव की उपलब्धि में निरंतर गिरावट आ रही है। आशाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को उत्प्रेरित करते हुए प्राइवेट चिकित्सालयों में प्रसव कराये जाने से रोकने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चार सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि समिति द्वारा प्रसव हेतु ले जा रहे गर्भवती महिलाओं पर निगरानी की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। यदि आशाओं द्वारा प्राइवेट चिकित्सालयों पर केस ले जाते हुए पाया जाता है तो कठोर चेतावनी देते हुए उनपर निगरानी रखी जायेगी, फिर भी सुधार न पाये जाने पर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के माध्यम से निष्कासन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 275 आशा तैनात हैं। प्रतिदिन लगभग 20 प्रसव होते हैं तो वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह लगभग 200 प्रसव होते हैं। सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को सारी सुविधाएं मिलती हैं। पहले से अब सभी जरूरी सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि 7 ग्राम से नीचे खून चढ़ाने की सलाह दी जाती है प्रत्येक माह प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 1,9,16, 24 को गर्भवती महिलाओ के अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जा रही है।

इस दौरान महिला चिकित्सक डॉ. हरप्रीत जोगेन्दर पाल, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय, बीसीपीएम नंदिनी राय, प्रतिरक्षण अधिकारी मुहम्मद कौसर खान आदि मौजूद रहे।

# शुभंकर मौलीप्रचार रथ पहुंचे बागेश्वर

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** 38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए शुभंकर मौली के साथ तीन प्रचार रथ बागेश्वर पहुंचे। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ आज से पांच जनवरी तक जिले के तीनों विकास खंडों में जाकर प्रमुख स्थानों एवं शहर की मुख्य सड़कों और बाजार में घूमकर लोगों को राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

वहीं राष्ट्रीय खेलों की मशाल तेजस्विनी 6 जनवरी को बागेश्वर पहुंचेगी।शुक्रवार को जिलाधिकारी ने खेल विभाग के इंडोर स्टेडियम परिसर से तीनों प्रचार रथों को रवाना करते हुए सभी को राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर शुभकामनाएं दी। तथा अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय खेलों से जुड़ने का आवाह्न किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने से यहां के युवा खिलाड़ियों को सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नए मतदाता बनने पर लोगों को मतदाता की शपथ दिलायी। इस दौरान प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी किरन नेगी, जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पटाखा मार बुलेट बाइक को पुलिस ने किया सीज

वेलकम इंडिया




**कांधला।** कस्बे में बिना नंबर की पटाखा बुलेट बाइक ने आतंक मचा रखा था। कस्बे के कई लोगों ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने बिना नंबर की बुलेट बाइक को पकड़ लिया और थाने ले आई। पटाखा बुलेट बाइक को छुड़ाने के लिए थाने पर रात भर दलालों का जमावड़ा लगा रहा। बुलेट बाइक पर एक हिंदू दल संगठन का नाम लिखा हुआ था।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पटाखा बुलेट बाइक को सीज कर दिया है। और चालक और सख्त चेतावनी दी है।

पिछले कई दिनों से कस्बे में बिना नंबर की पटाखा बुलेट बाइक सवार ने आतंक मचा रखा था। कस्बे के कई लोगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार को शिकायत करते हुए पटाखा बुलेट पर कार्रवाई की मांग की थी। गुरुवार को पुलिस ने पटाखा बुलेट व बुलेट पर सवार गांव भारसी निवासी युवक को पकड़ लिया और थाने ले आई। पटाखा बुलेट को छुड़ाने के लिए रात भर थाने पर दलालों का जमावड़ा लगा रहा, लेकिन पुलिस ने पटाखा बुलेट बाइक को छोड़ने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पटाखा बुलेट बाइक को सीज कर दिया।

# आकाशवाणी बचाओ को मेल भरो आन्दोलन की तैयारी

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** आकाशवाणी बचाओ का कोहराम आखिर क्यों मचा है। इसके पीछे कयी कारण हैं। प्रसार भारती के आला अफसरों की गलत नीतियां ही इसके लिए जिम्मेदार हैं। देश के करीब एक सैकड़ा केन्द्रों पर कार्यक्रम निर्माण का कार्य कैजुअल एनाउंसर -कंपेयर ही कर रहे हैं। प्रसार भरती तीन दशक बाद भी इन्हें किसी तरह का कर्मचारी नहीं मानती। अब इन्हें एसायनी बना दिया है। प्रबुद्ध तबके का काम और पारिश्रमिक भी कयी-कयी माह बाद दिया जाने लगा है। अब इस अभियान को मेल भरो आन्दोलन बनाया

उल्लेखनीय है कि प्रसार भारती की गलत नीतियां आकाशवाणी के अस्तित्व को खतरे में डाल रही हैं। छोटे -छोटे सैटअप से लोगों ने करोड़ों में पहुंच और संचालन हेतु धन का इंतजाम किया हुआ है वहीं मोटी तनख्वाह के मातहतों ने केन्द्रों को सफेद हाथी बना दिया है। प्रसार भारती के अफसर अब आकाशवाणी केन्द्रों की प्रातः कालीन सभा को रिले करने की तैयारी कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश के सभी केन्द्र अध्यक्षों की मीटिंग 30 दिसंबर को लखनऊ में हो चुकी है। अफसर सुबह की सभा को लखनऊ - दिल्ली से प्रसारित (रिले)करने की तैयारी कर चुके हैं। इंजीनियरिंग स्टाफ जरूरत से ज्यादा होने के बाद भी रेडियो कार्यक्रम प्रसार भारती के ऐप पर कमी बार नहीं चलता और लोग सोए रहते हैं। सुबह की सभा रिले होने से केन्द्र के कुछ एसायनी कंपेयर व एनाउंसर की ड्यूटी कटेंगी वहीं परमानेंट प्रोग्राम सेक्शन के स्टाफ को आफिस समय से आने का झंझट नहीं रहेगा।

उत्तर प्रदेश के केन्द्रों को रिले केन्द्र बनाने के पीछे स्टाफ की कमी और हर केंद्र से चलने वाले फिल्म संगीत की रायल्टी की करीब 18 करोड़ की धनराशि बचाने का तर्क दिया जा रहा। सरकार के लिए इस धन की बचत बहुत बड़ी चीज नहीं लेकिन रेडियो से हर राज्य के विभिन्न क्षैत्रीय भाषा- शैली, लोक संस्कृति के संरक्षण का क्या होगा। लोक विधाओं का क्या होगा। छोटे छोटे इलाकों से अन्तर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का जज्बा क्षेत्रीय कलाकारों में कौनसा केन्द्र पैदा करेगा। यह कमी सवाल मुंह बाये खड़े हैं।

# गुनगुनी धूप के साथ सांस्कृतिक मंच से कवि पाठ का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया**




**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वाधान में सेक्टर ई कमर्शियल पैकेट ग्राउंड अलीगंज लखनऊ में चल रहे 17वें यूपी महोत्सव 2024झ25 में दोपहर में खिली गुनगुनी धूप के साथ सांस्कृतिक मंच से कवि पाठ का आयोजन किया गया। वही शाम होते-होते सांस्कृतिक मंच से एक से बढ़कर एक मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महोत्सव में लोगों का खूब मनोरंजन हुआ।

उदगार साहित्यिक मंच की संस्थापिका डॉक्टर चंद्रावती एवं अध्यक्ष वंदना सिंह द्वारा कवि सम्मेलन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन मुख्य अतिथि के रूप में टाटा आरके वर्मा तथा महेश चंद्र वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच का संचालन डॉक्टर सरिता कटिहार एवं डॉ चंद्रावती ने किया। सुनील शुक्ला मैं अपने उत्कृष्ट रचनाएं और वाचन से सबको अपनी और आकर्षित किया, अर्चना गुप्ता आज और कल की तुलना करके अद्भुत ज्ञान का प्रचार किया, बाराबंकी से आए मोहन ने अपने व्यंग्य से ताज और खुशनुमा कर दिया सुधा चौधरी नवी अपने काव्य से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, अनीता चौधरी मैं अपनी सुंदर और मनमोहन आवाज से सभी का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन में विशेष रूप से कब सिंह, अन्विता सिंह, वीरेंद्र सिंह, शाश्वत सिंह, शेफाली, खुशबू, संगीता यादव रहे। कवि सम्मेलन के अंत में डॉ चंद्रावती द्वारा नागा साधुओं पर एक सुंदर प्रस्तुति दी गई।

युपी महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर महावीर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कुर्सी रोड लखनऊ के बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुतियां प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का सफलतापूर्वक लोहा मनवाया। लक्ष्मी, कोमल, उर्वशी सुगम राजपूत, आराध्य शुक्ल, उन्नति उपाध्याय, यश शर्मा, शिफा नूर, तान्या, कौशिक, नंदिनी गुप्ता, आंचल सिंह, रूपाली रस्तोगी, स्नेहा रावत, अंजलि, प्रियंका गौतम, काजल, भूमि मिश्रा, सौम्या पांडे, समीक्षा डोला ने रे डोला, जैसी करनी वैसी भरनी, योद्धा बन गई मैं, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण और महाभारत पर आधारित नृत्य और संगीत के माध्यम से यूपी महोत्सव में अद्भुत छटा बिखेरी।

केजीएमयू की रिटायर आई सर्जन डॉ विनीता सिंह ने आज यूपी महोत्सव में भजन संध्या मेंः हे प्रथम पूज्य गज राज तुम्हारी जय जय हो- प्रेम नारायण मेहरोत्रा, हे शंकर दानी बम भोले -पारंपरिक, जब राम बसे मन में अब चाह ना जीवन में- अशोक हमराही, जैसे आभा नील रतन में- योगेश प्रवीण, कन्हैया तोरी बंसी- योगेश प्रवीण, निराला मुखड़ा निराली चितवन निराली झाँकी दिखा दे मोहन, ?दुख हरन है राधा नाम- योगेश प्रवीण, राधे राधे बोल- पारंपरिक, ब्रिज बन की लताओं में- पारंपरिक और ?सीता राम सीता राम बोल गीतों को गाया गया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा महोत्सव में आए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

# डांगरोल के जंगलों में दिखाई दिए तेंदुए के पैरों के निशान

**वेलकम इंडिया**



■ पूर्व में भी विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर गांव सुन्ना से किया था एक तेंदुए को कैद

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल के जंगल में किसानों ने तेंदुए के पैरों के निशान दिखने एवं एक नीलगाय को मार कर खाने का दावा किया है, ग्रामीणों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए वन विभाग की कार्य शैली पर सवालिया निशान उठाते हुए प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल, कनियान, सुन्ना, भनेड़ा, सहित आदि गांव में तेंदुआ देखें जा चुके हैं। पूर्व में वन विभाग की टीम ने गांव सुन्ना के जंगल से एक तेंदुए को पिंजरे में कैद किया था। और गांव कनियान के एक पेड़ पर मृत अवस्था में तेंदुआ मिला था। लगातार ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ होने का दावा करते हुए वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की गुहार लगा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए के डर से ग्रामीण खेतों पर नहीं जा रहे हैं कभी भी तेंदुआ ग्रामीणों पर हमला कर सकते हैं।कई दिन पूर्व गांव डांगरोल निवासी एक किसान के नौकर पर तेंदुए ने हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल के ग्रामीणों ने दावा किया है कि गांव के जंगल में तेंदुए के पैरों के निशान दिखाई दिए हैं और एक नीलगाय को तेंदूआ मार कर खा गया। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के टीम खाना पूर्ति करते हुए जंगलों में घूम कर चली जाती है मगर जंगलों में तेंदुआ होने से गांव के किसानों पर जान का खतरा मंडरा रहा है। शुक्रवार को गांव डांगरोल के ग्रामीणों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए तेंदुआ होने का दावा कर जान माल की सुरक्षा के गुहार लगाई है। फिलहाल ग्रामीण तेंदुए के डर से जंगलों में जाने से डर रहे हैं और गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग के अधिकारी राजेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा सूचना प्राप्त हुई है वन विभाग की टीम जंगलों में पहुंचकर तलाश कर रही है जल्दी पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाएगा।

## टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर चाचा की मौत, भतीजा घायल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** पीलीभीत के जहानाबाद क्षेत्र के रहने वाले 28 वर्षीय रामऔतार की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनके भतीजे प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गए। दरअसल ये घटना गुरुवार देर शाम की है, जब रामऔतार अपने भतीजे के साथ बहन के घर से वापस लौट रहे थे, नवाबगंज-बिजौरिया मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद टैंकर का पहिया रामऔतार के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। भतीजा प्रशांत गम्भीर रूप से घायल हो गया और उन्हें तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। टैंकर चालक दुर्घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया है। जब इसका पता परिजनों को चला तो परिवार में कोहराम मच गया।

## देवरनियां पुलिस ने 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां पुलिस को नए साल के दूसरे दिन बडी कामियाबी मिली है। पुलिस मे 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली देवरनियां के एसएचओ दिनेश कुमार शर्मा ने बताया है कि पुलिस ने ग्यारह वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहनपुर गांव में मुकदमे में फरार चल रहे वारंटियों के घर पर पुलिस ने छापा मारा तो, वह घर पर ही मौजूद मिले, पुलिस सभी को पकड़ कर कोतवाली ले आई। वहीं रिछा इंचार्ज कुशल पाल सिंह ने दमखोदा में एक मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त प्रेमपाल पुत्र राम पाल निवासी दमखोदा के घर पर छापा मारा तो वह भी घर पर ही मौजूद मिला, पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा देवरनियां पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए वारंटी में ठाकुरदास पुत्र पातीराम, सचिन पुत्र रतनलाल, इसाक अली पुत्र रौनक अली, उदयराज पुत्र पातीराम, रतन लाल पुत्र पातीराम, गोविंद राम पुत्र पातीराम, अजमत अली पुत्र रौनक अली, राशिद अली पुत्र रौनक अली, रौनक अली पुत्र मकसूद अली, सादिक अली पुत्र रौनक अली निवासीगण मोहनपुर कोतवाली देवरनियां भी में शामिल हैं। यह सभी कोतवाली पर लिखे एक मुकदमे में वांछित चल रहे थे।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक तेजपाल सिंह, रिछा चौकी इंचार्ज कुशल पाल सिंह, हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल नमन कुमार, मनीष कुमार, महिला कांस्टेबल प्रतिभा रानी, रितु आदि रहें।

## 38 वें राष्ट्रीय खेलों के शुभकंर मौली के गरुड़ पहुंचने पर किया स्वागत



**गरुड़।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के शुभकंर मौली के गरुड़ पहुंचने पर विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया। इस मौके पर स्वीप टीम ने लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। शुभकंर मौली के गरुड़ पहुंचने पर गागरीगोल, बैजनाथ, टीटबाजार, गरुड़ बाजार आदि स्थानों में लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्वीप के ब्लाक समन्वयक उमेश जोशी ने लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इंका गागरीगोल के बच्चों ने भी गागरीगोल में मौली का स्वागत किया। इस मौके पर लोगों ने मौली के साथ सेल्फी भी ली। गरुड़ में भाजपाईयों ने भी मौली का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, इंका गागरीगोल के प्रधानाचार्य किशन सिंह थायत, अनिल पांडे, भुवन बोरा, योगेश कांडपाल आदि मौजूद थे।

## नेताओं का चुनाव प्रचार शुरू

**बागेश्वर।** जिले की एक नगर पालिका और दो नगर पंचायत चुनाव में प्रत्यासियों के समर्थन में कार्यकताओं का चुनाव प्रचार शुरू हो गया है।बागेश्वर नगर पालिका में दो प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच अब निर्दलीय चुनाव लड़ रहे युवा नेता कवि जोशी के बीच चुनावी घमासान तेज हो गया है।भाजपा प्रत्यासी सुरेश खेतवाल के समर्थन में भाजपा कार्यकताओं ने नगर क्षेत्र में प्रचार शुरू किया वही कांग्रेस प्रत्यासी गीता रावल के समर्थन में कार्यकताओं ने चुनाव प्रचार किया तो कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद प्रदेश संगठन द्वारा प्रत्यासी बदलने के बाद कांग्रेस से बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे युवा नेता कवि जोशी ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है ।वही अब चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

## सामान्य सफाई को 36 घंटे बंद रखेगी सेमीखेडा चीनी मिल

**बरेली।** जिले की इकलौती किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेडा को सामान्य सफाई के लिए शुक्रवार तीन जनवरी से 46 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। मिल प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना किसानों को दे दी थी। सेमीखेडा चीनी मिल को सामान्य सफाई के लिए पेराई सत्र को कुछ समय के लिए बंद किया जाता है। पहली सामान्य सफाई के लिए मिल? मिल यार्ड में उपलब्ध गन्ने की पेराई करके शुक्रवार से 46 घंटे के लिए बंद की? हो गई। सूत्रों के मुताबिक मिल प्रबंधन द्वारा भले ही 46 घंटे के लिए मिल बंद होने का दावा किया जाता हो, लेकिन पुरानी हो चुकी मशीनरी की वजह से समय इससे ऊपर लग सकता है। एक दिन पूर्व चीनी मिल गन्ने के अभाव में कई घंटे बंद रही। हालांकि मिल प्रबंधन द्वारा मात्र एक घंटे बंद हो ?ने की बात कही जा रही हैं।

सामान्य सफाई हर सीजन में होती है, कोशिश होगी कम समय में काम पूरा हो जाए। -भीम कुशवाह, सीसीओ सेमीखेडा चीनी मिल

# अपने पुत्र को तलाशने में दर दर की ठोकरे खा रहा है एक पिता

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**सीबीगंज/बरेली।** क्षेत्र के सर्वोदय नगर कॉलोनी के रहने वाले श्याम सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने थाना सीबीगंज में प्रभारी निरीक्षक को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उनका पुत्र अभय सिंह एक जनवरी से गायब है, काफी तलाशने के बावजूद अभय का कोई पता नहीं चल पाया है ऐसी दशा में प्रभारी निरीक्षक अपने स्तर से अभय की तलाश करने का कष्ट करें, थाना प्रभारी निरीक्षक ने अभय की गुमसुदगी को लेकर मामला दर्ज करते हुए उसकी जांच में पुलिस टीम को लगा दिया है।

इस मामले पर 19 वर्षीय अभय के पिता का कहना है कि अभय की मानसिक स्थिति कुछ कमजोर है, लेकिन वह समाज में उठता बैठता रहता है, ऐसे में यह कहना कि वह अपने आप या किसी के बहकावे में कहीं चला गया है यह गलत होगा उसकी गुमशुदगी हमें भी सता रही है पुलिस प्रशासन से उम्मीद करते हैं कि वह उनके पुत्र को जल्द खोजने में मदद करेगी।

# चावल नगरी रिछा की दोनों राइस मिल एसोसिएशन आई आमने-सामने

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** देश-विदेश में बासमती चावल की खुशबू बिखेरने वाली चावल नगरी रिछा में? गठित दोनों राइस मिलें एसोसिएशन इन?? दिनों आमने-सामने हैं। रिछा राइस मिमर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी ने दूसरी एसोसिएशन पर उघोग के क्षेत्र में? फर्जी विकास कार्य गिनाते हुए वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। कुछ दिन पूर्व राइस मिलर्स एसोसिएशन रिछा के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से? अपनी उपलब्धियां बताई गई थीं। इसके जबाव में दूसरी रिछा राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी द्वारा आरिफ के द्वारा बताए गए कार्यों को गलत बताया गया है।? उन्होंने प्रेस नोट जारी कर बताया है कि राइस मिलर्स एसोसिएशन रिछा के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने अपनी जो उपलब्धियां गिनाई हैं, उनमे से एक भी धरातल पर नहीं उतरी है। राइस मिलों को मिलने वाली सब्सिडी का मामला तो वैसे ही सरकार की योजना के एमएसएमई के अंतर्गत आते हैं जो उद्योगों के लिए है। नियाजी ने बताया है कि बिजली को लेकर हम लगे हुए हैं। रिछा में 33/11 बिजलीघर है जो जनप्रतिनिधियों कि देन से बना है।जनप्रतिनिधियों? द्वारा कराए गए विकास कार्य गिनाकर श्रेय लेने दूसरी एसोसिएशन द्वारा की जा रही है, कोशिश सरासर जनप्रतिनिधियों का अपमान है। रोड का निर्माण रिछा नगर पंचायत द्वारा कराया गया है, इससे एसोसिएशन का कोई लेना-देना नहीं है। वहीं अतहर हुसैन नियाजी ने बताया कि अटल मिशन योजना के अंतर्गत करोड़ों के कार्य प्रस्तावित है, इसमें उनकी टीम जल्द ही जनप्रतिनिधियों और आला अधिकारियों से मिलकर उनको पूरा करवाने का प्रयास में जुटी है। उन्होंने बताया कि हमारे संगठन द्वारा जो फायर ब्रिगेड स्टेशन का मुद्दा उठाया गया था स्वीकृत हो गया है इसके लिए उन्होंने बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार से भी मुलाकात की है ताकि जल्द ही जमीन उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा रिछा स्टेशन पर स्ट्रीट लाइट लगवाने का मुद्दा उठाया गया था जो स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि रिछा स्टेशन फाटक पर जाम की समस्या है उसको लेकर जल्द ही उनका संगठन के कार्यकर्ता पीलीभीत- बहेड़ी के सांसद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान रिछा एसोसियेशन के उपाध्यक्ष नदीम अहमद गुड्डू, राशिद नियाजी, हाजी जमील, अब्दुल मुजीब, मोहम्मद इस्लाम, बाबू जुबैर अहमद, फरहान तौकीर, वकील अहमद, दाऊद अहमद, हसीन अहमद, कफील अहमद, रोहित हुसैन, अब्दुल मजीद आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत



**वेलकम इंडिया**

**अयोध्या।** एक्सप्रेस-वे पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक सवार युवा गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे की सूचना पर पहुंची यूपीडा सुरक्षा कर्मियों ने एंबुलेंस इलाज लिए अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक अंबेडकर नगर के थाना मारवा के बाराह गांव निवासी शुभम सिंह पुत्र अजय कुमार सिंह 30 वर्ष पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते घर जा रहे थे।जैसे ही मइल स्टोन 77.8 के पास पहुंचे ही थे तभी शुभम सिंह की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने घायल युवक को इलाज के लिए सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने देखने के बाद शुभम सिंह को मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरने क बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# हैरिंग्टनगंज में तीन दिवसीय बाल विकास परियोजना पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**मिल्कीपुर।** तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय पर तीन दिवसीय पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बृहस्पतिवार को किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि यह त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 04/01/2025 तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं पढ़ाई (ई.सी.सी.ई.), बच्चों और महिलाओं के पोषण और आंगनवाड़ी केंद्र संचालन के विषय में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी हैरिंग्टनगंज व मुख्य सेविका श्रीमती विनीता देवी, श्रीमती आरती रावत व श्रीमती संगीता वर्मा ब्लाक कोऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार व श्रीमती मंजरी मिश्रा विकास खण्ड हैरिंग्टनगंज की सौ आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि व सीडीपीओ ओमप्रकाश द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण भी पढ़ाई भी की आवश्यकता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि विषयों की जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा विभाग और आईसीडीएस विभाग के समन्वय से शाला पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रमुख कार्यों पर भी प्रकाश डाला, मुख्य सेविका ई.सी.सी.ई. की आवश्यकता, आंगनबाड़ी केंद्र पर ईसीसीई गतिविधियों के संचालन एवं ई.सी.सी.ई. गतिविधियों भावगीत आदि पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्षमता वर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में बाल विकास योजना अधिकारी ओमप्रकाश ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई पुस्तिकाओं आधारशिला एवं नवचेतना के विषय में बताते हुए उनसे उनके समुचित उपयोग करने के विषय में जानकारी दी।

# अयोध्या में उद्घाटन के बाद कई वर्षों से बंद पड़ा अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का 2025 में खुलेगा तालाः पत्रकारों में खुशियों की लहर

**वेलकम इंडिया**




**अयोध्या।** रामनगरी में एक करोड़ रुपये की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का संचालन अब उत्तर प्रदेश सरकार की नई पारदर्शी और समावेशी व्यवस्था के तहत किया जाएगा। यह केंद्र पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, और इसका उद्देश्य पत्रकारों के बीच समानता और समरसता को बढ़ावा देना है। लंबे समय से इसके संचालन में हो रही देरी और आपसी विवादों को देखते हुए शासन ने एक सशक्त समिति के गठन और नए नियमों के तहत संचालन का निर्णय लिया है।

विवादों से सबक लेकर नई पहल

पहले की व्यवस्थाओं में जब मीडिया सेंटर की जिम्मेदारी प्रेस क्लब को दी गई थी, तो कब्जेदारी और भेदभाव की शिकायतें सामने आई थीं। कुछ व्यक्तियों द्वारा इसे निजी उपयोग तक सीमित करने के कारण पत्रकारों में वैमस्य बढ़ गया था। अब, शासन ने यह सुनिश्चित किया है कि संचालन की जिम्मेदारी एक समिति को सौंपी जाए, जिसमें मान्यता प्राप्त पत्रकारों और सरकारी अधिकारियों का समावेश होगा।

■ **संचालन समितिः** पारदर्शिता और बदलाव की नई व्यवस्था संचालन समिति हर दो वर्षों में बदली जाएगी, ताकि सभी पत्रकारों को समान अवसर मिल सके। सरकारी अधिकारियों और समिति सदस्यों का समय-समय पर परिवर्तन होगा, जिससे किसी भी प्रकार के दबदबे या पक्षपात को रोका जा सके। समिति के कामकाज की देखरेख जिला प्रशासन और सूचना विभाग द्वारा की जाएगी।

■ **पत्रकारों के लिए विशेष मंच** :यह मीडिया सेंटर केवल पत्रकारों के लिए और पत्रकारों से संबंधित गतिविधियों के लिए समर्पित रहेगा। केंद्र का उपयोग बैठकें, मीटिंग, और गोष्ठियों जैसे कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। किसी बाहरी या निजी कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी। पत्रकार संगठनों को साधारण शुल्क पर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाएगी।

## नए नियमों से प्रमुख बदलाव

- **वर्चस्व की लड़ाई समाप्त :** अब किसी एक व्यक्ति या समूह का कब्जा संभव नहीं होगा।
- **समानता सुनिश्चित :** सभी पत्रकारों को समान अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी।
- **पारदर्शिता बढ़ेगी :** संचालन समिति हर निर्णय का रिकॉर्ड रखेगी और निगरानी डीएम की अध्यक्षता में होगी।
- **सूचना विभाग का रुख :** सूचना विभाग ने स्पष्ट किया है कि उनके लिए सभी पत्रकार समान हैं। विभाग ने नए नियमों के तहत सभी पत्रकारों के लिए समान अधिकार और सुविधाओं का आश्वासन दिया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि ऊंच–नीच या बड़े–छोटे पत्रकारों के बीच भेदभाव समाप्त हो।
- **भविष्य की ओर कदम :** यह मीडिया सेंटर पत्रकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे बिना किसी भेदभाव के अपनी गतिविधियां संचालित कर सकें। शासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि केंद्र का संचालन केवल पत्रकारों की जरूरतों के लिए किया जाएगा और इसके उपयोग की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। यह केंद्र न केवल पत्रकारिता में पारदर्शिता और समानता का प्रतीक बनेगा, बल्कि अयोध्या को पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पहचान भी दिलाएगा।

# मार्ग प्रकाश एवं सफाई व सड़क-नाली मरम्मत इत्यादि समस्याओं पर सुनवाई के साथ ही हुआ समस्याओं का निस्तारण

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन लखनऊ नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में किया गया।जिसमें आमजन की तमाम जनहित की समस्याओं को सुन कर अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर नगरवासियो को सहूलियत प्रदान की गई।

महापौर द्वारा आगन्तुको की समस्याएं स्वयं सुनकर अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पूर्व में जारी किए गए आदेशों के क्रम में जनहित में समाधान दिवस के कार्यक्षेत्र में विस्तार करते हुए नगर निगम लखनऊ द्वारा प्रदान की जाने वाली समस्त नागरिक सुविधाओं जैसे सफाई एवं स्वच्छता, फागिंग, सड़क की मरम्मत, मार्ग प्रकाश इत्यादि समस्याओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया।आज के समाधान दिवस में संबंधित विभागों के सभी अधिकारीगण भी समाधान दिवस में मौजूद रहे।

महापौर ने कहा कि अब नागरिकगण अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित समाधान दिवस में उपस्थित हो कर अपनी किसी भी प्रकार की समस्याओं को सामने रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। उन्होने आयोजन के दौरान आदेशित किया, कि किसी भी दशा में अनाधिकृत लोगों द्वारा कूड़ा उठान का कार्य न किया जाए, इन कार्यों को सिर्फ एलएसए व लॉयन कंपनी और निगम द्वारा अधिकृत किये गए कर्मचारियों द्वारा ही संपादित किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आदेशित किया, कि आगामी 6 माह के भीतर खुले में कूड़ा लेजाए जाने की प्रकिया पर रोक लगाते हुए हुक लोडर के माध्यम से इस कार्य को किया जाना सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि नगर में अनाधिकृत रूप से रह रहे बंगलादेशियों के विरुद्ध सघन अभियान चला कर भारतीय लोकतंत्र को हानि पहुंचाने वाले ऐसे लोगों को बाहर निकालने का कार्य किया जाए।

इस दौरान उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए वर्तमान समय मे नगर निगम लखनऊ द्वारा स्वच्छता अभियान को सफल बनाए जाने हेतु निगम की उपलब्धियों एवं संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी से भी अवगत कराया।उन्होंने कहा कि वर्तमान में जोन-01,03,04,06 व 07 सीमाक्षेत्र में स्थित समस्त घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से प्राइमरी कूडा एकत्र करने हेतु कुल 782 वाहन (जिसमे 74 वाहन नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं), 100 से अधिक रिक्शा ट्रॉली एवं 2081 श्रमिक लगाये गये है तथा कूडे के प्रोसेसिंग प्लान्ट तक सेकेण्ड्री परिवहन हेतु 06 हुकलोडर 13 पोर्टल कम्पेक्टर, 11 आर.सी वाहन, 57 हाईवा,19 जे०सी०बी०, 07 ट्रक्टर व ट्रॉली लगायी गयी है।

# लिव- इन बारे में हाई कोर्ट का सराहनीय फैसला: सुरेश गोयल

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार ।** लिव -इन के बारे में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का दिया गया निर्णय बहुत ही स्वागत योग्य व सराहनीय है, जिसमें अपने महत्वपूर्ण फैसले में लिव-इन रिलेशन शिप में रह रहे जोड़ो को सरंक्षण देने से इंकार कर दिया है। यह बात आज भाजपा के सुरेश गोयल धूप वाला ने प्रेस को जारी अपने एक व्यक्तव्य में कही।उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की यह बहुत बड़ी जीत है।हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि वे शादी -शुदा जोड़े जो पहले से ही विवाहित है ,औ? उनके बच्चे भी है लिव-इन रिलेशन शिप में रहने से भारतीय समाज के नैतिक मूल्यों पर गहरा असर पड़ेगा।

भारत में एक विवाह पद्दति है और कानूनी रूप से भी दो विवाह गैर कानूनी है, इस तरह लिव-इन रिलेशन शिप पूरी तरह अवैध है।

सुरेश गोयल ने कहा कि भारत वर्ष में विवाह संस्कार की जड़ें बहुत गहरी है।सात जन्मों का जुड़ाव माना गया है। भारतीय शास्त्रों में तो तलाक व डिवोर्स जैसे शब्दों का भी कहीं उल्लेख नही है।पश्चिम संस्कृति को आधुनिक सभ्यता मान कर हम अपने जीवन मूल्यों को नष्ट नही कर सकते। यही माननीय उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया है।भारतीय समाज सामाजिक नियमों व मयार्दाओं में जकड़ा समाज है इसकी सबसे बड़ी विशेषता भी यही है। वास्तव में सामाजिक व सांकृतिक मूल्यों को सरंक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। धूप वाला ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बात करना पश्चमी संस्कृति का हिस्सा हैं ।पश्चमी देशों में भी तो कानून कायदे तो होंगे ?सभी बेलगाम हो जाए ऐसा तो वहां भी नही होगा।जहां भी भारतीय शब्द आयेगा इस लिव इन रिलेशन व्यवस्था को अमर्यादित व अनैतिक ही कहा जायेगा। आए दिन परिवार टूट रहें है। पति- पत्नी के बीच विवाद हो रहें हैं । आत्महत्या की घटनाएं आम बात हो गई है । अनेको कारणों में से लिव-इन रिलेशनशिप भी अवश्य ही एक कारण है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्बन्धो में अक्सर एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव व स्नेह नही केवल साथ रहने का एक एग्रीमेंट होता है।

# प्रथम महिला शिक्षका सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई



**झांसी।** आज कांग्रेस कार्यालय मानिक चौक में प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा के मुख्य अतिथि में एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष नीता अग्रवाल की अध्यक्षता में महान समाज सेविका सावित्री बाई फुले की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई ।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुये प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा ने कहा कि महान समाज सेविका सावित्री बाई फुले ने प्रथम महिला शिक्षिका के रुप में नारी शिक्षा और उनके अधिकारों के लिये उल्लेखनीय कार्य किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में नीता अग्रवाल ने कहा कि वह सही मायने में महिला सशक्तिकरण की प्रणेता थी जिन्होनें महिलाओं को स्वाभिमान और सम्मान के साथ जीने का मार्ग दिखलाया। कार्य. जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा ने कहा कि महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले जीवन पर्यन्त शिक्षा और समानता के लिये कार्य किया। इस मौके पर अखिलेश गुरुदेव, भरत राय,अमीर चंद आर्य, शैलेंद्र वर्मा शीलू, उमाचरण वर्मा, नीरज सेन, रोवेश खान एवं धर्मेंद्र यादव आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सेवादल महिला विंग की जिलाध्यक्ष इंदिरा रायकवार ने किया।

# गुलदार ने किया 13 मवेशियों को बनाया निवाला

वेलकम इंडिया



**पिथौरागढ़।** क्षेत्र में लोगों में दहशत, शीघ्र पशुपालकों को मुआवजा देने की मांग

धरमघर, परसीलाल वर्मा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र धरमघर में इन दिनों गुलदार का आतंक छाया हुआ है।धरमघर रेंज में विभिन्न गांवों में गुलदार का आतंक बने होने से क्षेत्रवासी भयभीत है।धरमघर वन रेंज क्षेत्र के सिमगड़ी गांव में दो पशुपालकों के दर्जनों बकरियों के झुंड पर अचानक गुलदार ने बकरियों के झुंड में हमला कर दो पशुपालकों की 13 बकरियों को अपना निवाला बना लिया।

वही गरीब पशुपालकों की दर्जन से अधिक बकरियों को अपना निवाला बना दिया।वही बकरियों के झुंड में पशुपालकों की चार बकरियां अभी भी लापता है।

ग्रामीणों ने पशुपालकों को गरीब तबके का बताते हुए पशुपालन से अपनी आजीविका चलाने की बात कहते हुए प्रभावित परिवारों को तत्काल उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार सिमगढ़ी निवासी नीमा देवी पत्नी दुर्गा राम की आठ बकरियां व हीरा राम की पांच बकरियों को गांव के पास चरागाह में चारा करने गई बकरियों के झुंड को गुलदार ने अपना निवाला बना लिया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल ने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा गुलदार द्वारा निवाला बनाई गई बकरियों के बारे में रिपोर्ट तैयार कर ली है।जल्द प्रभावित परिवार को मुआवजा प्रदान करने की कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कही भी वन क्षेत्र में या आबादी क्षेत्र के समीप गुलदार की दहशत होने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करने और जरूरी एहतियात बरतने की अपील की है।

# कोतवाली पुलिस ने तीन पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**बागेश्वर।** आगामी उत्तरायणी मेला और नगर निकाय निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने व जनपद में लागू प्रभावी आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के सख्त निर्देश एवं पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी पर प्रभावी रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद स्तर पर चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आरे बाईपास से एक अभियुक्त को अवैध शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विशाल कुमार पुत्र तेजपाल निवासी-बोहाला थाना झिरौली को तीन पेटी (36 बोतल) अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा कर अभियोग पंजीकृत किया है।

# ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों के बीच कम्बलों का वितरण



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** शीतलहर से बचाव के लिए बृहस्पतिवार की देर शाम अपर जिलाधिकारी हेम सिंह ने तहसील परिसर में जरूरतमंदों के बीच कम्बलों का वितरण किया। निःशुल्क कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

तहसील में भीषण ठंड व शीतलहर के मद्देनजर गरीबों व असहायों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार की देर शाम अपर जिलाधिकारी वित्त हेम सिंह ने तहसील परिसर में जरूरतमंदों को कम्बलों का वितरण किया।तहसील प्रशासन द्वारा शीतलहर के दौरान अब तक लगभग 700 से अधिक गरीबों को कंबलों का वितरण किया जा चुका है।

कंबल वितरण के दौरान उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा,तहसीलदार शिव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक युवक को देसी तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



**झाँसी।** थाना सीपरी बाजार पुलिस ने गुरुवार की रात युवक को देसी तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, जो किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहा था। लहरगिर्द चौकी इंचार्ज अंकित पवार, उपनिरिक्षिक दीपक कुमार व हमराही का. रामचरण गुरवार का रात गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि डीडी विशन पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति तमंचे के साथ जाते दिखा। पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को धर दबोचा। तलाश के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस व 315 तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम राजकुमार कुशवाहा बताया, जो कोतवाली थाना क्षेत्र के भांडेर गेट का रहने वाला है। थाना सीपरी बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अपर आयुक्त ने किया टाण्डा तहसील का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** शुक्रवार को कमिश्नर के निर्देश पर अपर आयुक्त शशिभूषण ने स्थानीय तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों सहित नामांतरण, सीमांकन तथा धारा 80 से सम्बंधित प्रकरणों की पत्रावलियों का अवलोकन किया।निरीक्षण में सब ठीक मिला।प्रकरणों के उचित निस्तारण पर संतोष जताया।

शुक्रवार को दोपहर अपर आयुक्त शशिभूषण स्थानीय तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न अभिलेखों सहित नामांतरण, सीमांकन तथा धारा 80 से सम्बंधित प्रकरणों की पत्रावलियों का गहनता से अवलोकन किया। न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की बेहतर प्रगति की सराहना की।उन्होंने राजस्व वसूली की बाबत भी जानकारी हासिल की।उन्होंने तहसीलदार को राजस्व वसूली में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने संग्रह अभिलेखागार, नायब नाजिर कार्यालय, तहसीलदार कोर्ट, कंप्यूटर कक्ष आदि कार्यालयों का भी निरीक्षण किया।

शुक्रवार को हुए तहसील के निरीक्षण में अपर आयुक्त को कोई खामी नहीं मिली,सब ठीक मिला।जिसपर उन्होंने संतोष का इजहार किया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा, तहसीलदार शिव कुमार शर्मा और नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल आदि मौजूद रहे।

# नेहा और अनूप के जन्मदिन पर तिलक व माल्यार्पण कर दी गई शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति अपने सदस्य व सहयोगियों के साथ परिवारिक सम्बंधों को प्रगाढ़ करने हेतु सदस्यों की वैवाहिक वर्षगांठ एवं जन्मदिवस आदि कार्यक्रमों को आयोजित करती रहती है। इसी क्रम में संगठन के सदस्य अनूप खरे और नेहा चौबे का जन्मदिवस समिति कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। दोनों सदस्यों को तिलक एवं माल्यार्पण व बुके भेंटकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात केक काटा गया। कार्यालय पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा नेहा और अनूप को मंगलमय जीवन और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी गई।

इस अवसर पर समाजसेवी डॉ० संदीप ने कहा संघर्ष सेवा समिति के सभी सदस्य परिवार के रूप में अपने विशेष दिनों को एक साथ मिलजुल कर मनाते हैं।

जिससे संगठन सशक्त होता है और एक दूसरे का सहयोग करने की भावनायें भी जागृत होती हैं नीलू रायकवार हमारे संगठन की सक्रिय सदस्य हैं इन्होंने संगठन के विभिन्न कार्यों में विशेष योगदान दिया है हमारा पूरा संगठन उनके सुख-दुख में तन मन धन से साथ खड़ा है हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

इस अवसर पर मनीष समाधिया, वर्षा, के. वी श्रीवास, अनिता कुशवाहा, कुसुम, महेंद्र रायकवार, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, देवेंद्र सेन, सुशांत गेडा, दीपक यादव सूरज प्रसाद वर्मा, उत्तम सिंह सरपंच, शंकर प्रजापति, संदीप नामदेव, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू आदि उपस्थित रहे।

# संस्था प्रयास: सभी के लिए के संयोजन में बृहद स्तर पर गर्म वस्त्रों के साथ खाद्य सामग्री का वितरण

वेलकम इंडिया



**झांसी।** संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा के नेतृत्व एवं बैदेही शरण सरावगी की अध्यक्षता में श्री रामनाथ गेड़ा हॉल मनुविहार कॉलोनी झाँसी में गृह सहायकाओं (कामवालियों) को झाँसी में पड़ रही भीषण ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के लिए गर्म वस्त्रों एवं महीने के राशन के रूप में खाद्य सामग्री आटा, दाल, चावल, मसाले और नमक के पैकेट्स प्रदान किये गए। जिसमें 62 गृह सहायकाओं(कामवालियों) को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कहा कि मानव सेवा ही जीवन का सर्वोत्तम कार्य है ,धरती पर इससे बड़ी कोई सेवा नही है। अध्यक्ष बैदेहीशरण सरावगी ने कहा कि हमारी यह सहायता सर्दियों की रातों में संघर्ष कर रहे एक परिवार के लिए निराशा और सांत्वना के बीच के अंतर को कम कर सकता है और आगे बताया कि आगे और भी ऐसे सेवा सहायता प्रकल्प संस्था द्वारा चलाए जायेंगे।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल पीएनबी,महिला विंग चेयरपर्सन ज्योति ओमहरे, अल्का गेड़ा, एचएन शर्मा, दिनेश वर्मा, एमएल मिश्रा,बीपी नायक, देवेन्द्र बिलैया,बीके तिवारी, सुभाष पुरवार, केदारनाथ पहारिया, रामकुमार अग्रवाल यूको, सी बी राय तरुण, ऋषि लोईया, नवीन श्रीवास्तव, अम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव, सतीशसाहनी, सुन्दर ग्वाला इत्यादि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन संरक्षक रामकुमार लोईया एवं आभार महामंत्री रामबाबू शर्मा द्वारा किया गया।

# महाकुंभ-25 के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच हेतु चिकित्सकीय सुविधाओं की विशेष व्यवस्था

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** महाकुम्भ-2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के प्रयाग जं., फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर रेलयात्रियों, श्रद्धालुओं एवं तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाओं के तहत चिकित्सा केंद्रों की स्थापना की है क इन केंद्रों में 24७7 डॉक्टर एवं पैरा मेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहेगा तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे क यदि किसी भी रेलयात्री या श्रद्धालु को अपना स्वास्थ्य उचित नहीं लग रहा है या कोई तीर्थयात्री किसी कारणवश बीमार हो जाता है तो ऐसी दशा में वह तत्काल इस चिकित्सा केंद्र में जाकर अपना इलाज करवा सकता है क यहाँ उपलब्ध डॉक्टरों द्वारा रोगी की जांच की जाएगी तथा उसे उचित सलाह देते हुए उसे प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाएगा क यदि रोग गंभीर है तो उस स्थिति में अग्रिम चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी क इसके साथ ही किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय आपातस्थिति से निपटने के लिए रेलविभाग राज्य प्रशासन एवं अन्य अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से भी अपना समन्वय बनाए रखेगा, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी मरीज को तुरंत रेफर किया जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान अनेकों श्रद्धालुओं और रेलयात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी तथा उनका उचित उपचार किया गया था क इस बार इसमें विस्तार करते हुए रेलवे एक व्यापक स्तर पर यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## विशेष चिकित्सा सेवाएं

यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रयाग जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

ऑब्जर्वेशन रूम और अन्य चिकित्सा केंद्रों में निम्नलिखित चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे। ईसीजी मशीनः हृदय संबंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए। डिफि ब्रिलेटरः दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए। ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटरः ऑक्सीजन की कमी से निपटने के लिए। ग्लूकोमीटरः रक्त शर्करा की माप करने के लिए, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है। स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, हॉस्पिटल अटेंडेंट (एचए), हाउस कीपिंग असिस्टेंट (एचकेए) है।

भारतीय रेलवे का उद्देश्य महाकुम्भ 2025 के आयोजन को सुरक्षित, स्वस्थ और आनंदमययी तथा यादगार बनाना है। रेलवे द्वारा प्रदान की गई उत्तम कोटि की स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को आवश्यकता होने पर तत्काल चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक रहेगी। उत्तम स्वास्थ्य ही आनंदमयी जीवन की कुंजी है इस सूक्ति का अनुसरण करते हुए रेलवे प्रशासन ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा संबंधी आवश्यक व्यवस्थायें स्थापित की हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में आएंगे 17 देश के लोग

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** 12 जनवरी को देहरादून में होने जा रहा है भव्य आयोजन 50 से अधिक प्रवासी उत्तराखंडियों ने अब तक किया रजिस्ट्रेशन उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहे प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन में 17 देश में रहने वाले उत्तराखंडी उत्तराखंड पहुंच रहे हैं अब तक 50 से अधिक जाने-माने प्रवासी उत्तराखंडायों ने सम्मेलन के लिए अपना पंजीकरण करवा लिया है 12 जनवरी को आयोजित होने वाले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे



सम्मेलन में उत्तराखंड में निवेश की संभावना हॉसस्त्री3ीद्ध३ वैलनेस कौशल विकास विदेश में रोजगार और उच्च शिक्षा के साथ ही उद्यान जड़ी बूटी में संभावना विषय पर चार अलग-अलग क्षेत्र में पैनल डिस्कशन भी किया जाएगा इस सम्मेलन में विदेश में रहते हुए अलग-अलग क्षेत्र में नाम कमाने वाले कई प्रवासी उत्तराखंड शामिल हो रहे हैं इसमें प्रवासी भारतीय सम्मान प्राप्त दुबई निवासी गिरीश चंद्र पंत के अलावा चीन से देवरा थोड़ी अमेरिका से डॉक्टर अनीता शर्मा जापान से भवन तिवारी सिंगापुर से सुनील थपलियाल मीनाक्षी डबराल थाईलैंड से डॉक्टर एक कला जैसे नाम शामिल हैं कई प्रवासी इससे पहले भारत सरकार की ओर से भुवनेश्वर कुमार में आयोजित किया जा रहे प्रवासी भारतीय दिवस में भी शामिल होंगे कार्यक्रम की वृष्टि जानकारी के लिए वेबसाइट भी शुरू कर दी गई है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल से हुई शुरूआत विदेश में रहने वाली प्रवासी उत्तराखंडायों को अपनी मिट्टी से जोड़ने की पहल खुद मुख्यमंत्री धामी ने की है दरअसल दिसंबर 2025 में आयोजित इन्वेस्टर समेत से पहले कम धामी विदेश दौरे पर गए थे वहां प्रवासियों ने उनका उत्तराखंड की नीति परंपरागत से स्वागत किया इस दौरान तमाम सफल लोगों की मुख्यमंत्री से मुलाकात हुईइसी के बाद मुख्यमंत्री ने ऐसे प्रवासियों के अनुभव का लाभ उठाने के लिए शासन में प्रवासी उत्तराखंड की सेल गठित किए जाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन भी आयोजित करने के निर्देश दिए इसी क्रम में गत वर्ष 7 नवंबर को देहरादून में अपने देश के भीतर ही विभिन्न राज्यों में रहने वाले उत्तराखंडियों के बीच ऐसा ही एक सम्मेलन आयोजित आयोजित किया जा चुका है विदेश में रहने वाले उत्तराखंड के प्रवासी हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं इसके पास ज्ञान विज्ञान तकनीकी उधमशीलता का विपुल अनुभव है सरकार चाहती है कि इस अनुभव से प्रवासी जान अपने प्रदेश में और गांव का भी विकास करें सरकार इस काम में हर संभव मदद करने को तैयार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लगातार प्रवासियों को अपने प्रदेशों में विकास में योगदान करने की प्रेरणा देते रहते हैं जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड।

# चलता ट्रक बना आग का गोला, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

वेलकम इंडिया



**हरिद्वार।** गन्ने की खोई लेकर जा रहे ट्रक में अचानक आग लगने से ट्रक जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक लक्सर शुगर मिल से एक ट्रक आज सुबह रूड़की ओर गन्ने की खोई लेकर जा रहा था।इसी दौरान ट्रक के केविन में वायरो में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भंयकर रूप ले लिया।

ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही लक्सर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मोटर फायर इंजन से होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर ट्रक में लगी भयंकर आग को कड़ी मशक्कत के बाद बुझाया एवं आग को डीजल टैंक की और बढ़ने से रोक लिया। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। दमकल की टीम के प्रयास के कारण आग को ट्रक के पिछले हिस्से के टायरों को जलने से बचा लिया गया। टण्क में आग लगने के कारण मार्ग पर वाहनों की भी लम्बी कतारें लग गई। जिस कारण से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। आग से ट्रक का केविन आदि जल गए। अन्य कोई जनहानि नहीं हुइ।ट्रक स्वामी नूरअहमद निवासी सहारनपुर ने बताया कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

# बनभूलपुरा के इन आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र पर फैसला सुरक्षित



वेलकम इंडिया

**देहरादून।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी दंगा के आरोपी अब्दुल मलिक अब्दुल मोहित और जावेद के जमानत प्रार्थना पत्र पर विचार से सुनवाईकी खंडपीठ ने आज लंबी सुनवाई के पश्चात दोनों पक्षों को सुना और फिर अब्दुल मलिक और अब्दुल मोहित के जमानत प्रार्थना पत्र को सुरक्षित रख लिया है पूर्व में न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि केस में चार सीट दायर हो गई है इसलिए यह जमानत के लिए सेशन कोर्ट में जा सकते हैं जबकि मलिक की तरफ से कहा गया कि सेशन कोर्ट ने उनकी जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है इसलिए उनकी जमानत पर सुनवाई उच्च न्यायालय में ही की जाए मामले के अनुसार 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी केबनभूलपुरा 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के बनफूल पुरा इलाके में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन और नगर निगम की टीम पर साजिश करता सहित अतिक्रमणकारियों व अन्य लोगों ने पथराव आगजनी और गोलीबारी की दंगे के दौरान दंगाइयों ने कई गाड़ियां सहित थाने को गिरकर गोलीबारी की इसमें कई लोगों की मौके पर मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हुए पुलिस की जांच के बाद पुलिस ने 100 से अधिक दंगाइयों को गिरफ्तार किया जिसमें से एक आरोपी यह भी थे जमानत प्रार्थना पत्र में कहा गया कि जिस दिन यह घटना हुई वह लोग दिल्ली में थे उन्हें बेवजह फंसा कर उनके ऊपर दंगा भड़काने और दंगाइयों का साथ देने का झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है कहा गया कि जब अपराध किया ही नहीं तो झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से महा निरीक्षक आईडीबीपी संजय कुमार गुंजियाल ने की मुलाकात

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** नव वर्ष पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से महानिरीक्षक आईडीबीपी संजय कुमार गुंजियाल एवं आईडीबीपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात कर नए वर्ष की बधाई दी मुलाकात के दौरान महानिरीक्षक समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए हाल ही में सब्जियां मांस वदूरस्त वाइब्रेट विलेज हेतु टेली मेडिसिन पहुंचाने हेतु उत्तराखंड सरकार के साथ हुए एमओयू के बारे में जानकारी साझा की मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा पर्यटन वाइब्रेट विलेज मिशन में आईटीबीपी के प्रयासों पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी राष्ट्रीय खेलों में भी फोर्स की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि शहीदों की सम्मान लंबित कार्यों को तुरंत पूरा किया जाए।

# सिंभावली पुलिस ने चकरोड में गड्ढा खोदने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सैना में खेतों पर जाने वाली बीच चकरोड में गड्ढा खोदने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध शांति भंग करने की कार्यवाही की है।आपको बताने की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सैना निवासी अर्जुन सिरोही पुत्र कुलदीप सिरोही उर्फ बबलू ने थाने में तहरीर देकर अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि उसके ही गांव के रहने वाले अशोक पुत्र हरपाल सिंह तरुण सिरोही, वरुण सिरोही पुत्र अशोक के द्वारा उनके खेतों पर जाने वाली चक्र के बीचों बीच गड्ढा खोद दिया गया था। जिसको लेकर उसके पिता कुलदीप उर्फ बबलू के द्वारा मना करने पर दूसरे पक्ष के तीनों पिता पुत्रों ने पीड़ित के पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी। जिसको लेकर पुलिस ने पिता अशोक और उसके दो पुत्रों तरुण और वरुण के विरुद्ध शांति भंग करने की कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष ने गौ सेवा वृद्ध जनों को गर्म कपड़े वितरण कर मनाया जन्मदिन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़**/डा एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी ने अपने जन्मदिन पर गरीबों को कंबल बांटकर एवं अचानक गौशाला पहुंचकर गायों को प्यार से पुकारा और गुड़ खिलाकर धूमधाम से मनाया जन्मदिन।आपको बता दे की जहा एक और लोग अपने जन्मदिन पर अनावश्यक रूप से हजारों लाखो रूपए बर्बाद कर देते हैं। वहीं दूसरी ओर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन एवं नगर पालिका परिषद हापुड़ के ब्रांड एंबेसडर मौ दानिश कुरेशी ने गौ सेवा कर सभी को एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया। दानिश कुरेशी ने कहा कि बचपन से ही उन्हें गायों से लगाव है। और उन्हें गाय का दूध और घी बहुत पसंद है। और गरीब वृद्ध जनों एवं गौ सेवा करने से उनके मन को शांति मिलती है। चूंकि गाय भी हमारी माता के समान है यही नहीं गाय भारत का सबसे भला सीधा पशु है। जो मनुष्य को अपने बच्चें की भांति प्यार करता है,। इसी क्रम में वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों को गर्म जर्सी स्वेटर व पात्र व्यक्तियों को कंबलों आदि का वितरण किया।

# महिला शिक्षा करण की अध्यापिका माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर उनके विचारों का स्मरण कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़**/जनपद के बसपा जिला कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन कर देश की पहली शिक्षिका की किरण को जन्म देने वाली महिला अध्यापिका, एवं नारी मुक्ति आंदोलन की प्रेरणा महान समाज सेविका, माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके विचारों को याद किया गया। तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ उनके विचारों पर प्रकाश डाला।मीटिंग में बसपा जिला अध्यक्ष डॉ ए. के कर्दम ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर विचार रखें।उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले एक महान समाज सुधारक, कवित्री, और शिक्षिका थी।उन्होंने अपने पति महात्मा ज्योतिबा राव फूल जी के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकारों के लिए काम किया था।माता सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1849 में पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला था।जिला प्रभारी महेश कुमार टायर वाले ने भी माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव और अन्याय को खत्म करने का काम किया मीटिंग में उपस्थित राजकुमार सागर जिला प्रभारी बसपा, प्रदीप जाटव जिला संयोजक बी वी एस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश कुमार एडवोकेट, विधानसभा सचिव डॉ सुनील सरकार, नगर महासचिव नितिन जाटव, नितिन कुमार सेक्टर अध्यक्ष दीपक बौद्ध, सेक्टर अध्यक्ष अमित कुमार, सूरज कर्दम, पूर्व सेक्टर अध्यक्ष धर्मेंद्र जाटव, बसपा सभासद अशोक कुमार मुर्गी वाले राज सिंह, रामू जाटव, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव में भाजपा ने इस बार युवाओं पर खेल दाव

वेलकम इंडिया

- 90% हार्ड कोर कदर और युवाओं को निकाय टिकट में दी गई प्राथमिकता
- भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी अधिकृत प्रत्याशियों को समर्थन दे बाकी प्रत्याशी : महेंद्र भट्ट प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी ने निकाय चुनाव में संगठन को सर्वोपरि रखते हुए 85 से कम 90% हार्ड कोर कार्यकताओं और युवाओं को निकाय में टिकट दिए हैं पार्टी ने अधिकांश टिक में पार्टी प्रतिबद्धता और सक्रियता को दरजी दी है उन्होंने कहा कि पार्टी के अनुसार तुलनात्मक कार्यवाही से पूर्व अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध नाम वापस नहीं लेने वाले को भी समर्थन देने का एक और मौका दिया है मीडिया में हुई बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कि भाजपा सैद्धांतिक और विचार समर्पित कार्यकर्ता आधारित पार्टी है यही वजह है कि इस बार के निकाय चुनाव में लगभग सभी सीटों पर संगठन के समर्पित कार्यकताओं को टिकट में तर्ज ही दी गई है जो कार्यकर्ता लंबे समय से पूरी कर्मस्था और समर्पण भाव से पार्टी के लिए काम कर रहा है उन्हें प्राथमिकता दी गई है जिसमें हार्डकोर कदर और युवाओं को भी विशेष रूप से इस बार अवसर दिए गए हैं देहरादून और हल्द्वानी निर्गमन में सौरभ थपलियाल और गजराज बिष्ट इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है निर्गमन के अतिरिक्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष समेत पार्षदों सभासदों और वार्ड मेंबरों को भी लगभग 70% पार्टी के पुराने योग्य और जुझारू कार्यकताओं को आगे बढ़ाया गया है

उन्होंने कहा की जीत की संभावना और योग्य उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने के कारण हमारे सामने बड़े पैमाने पर विकल्प सामने आए थे लेकिन पार्टी के अनुशासित सिपाही होने के नाते अधिकांश के नाम वापस ले लिया है।

# सीएमओ के निरीक्षण मे जिला अस्पताल मे मिली कई खामियां डाक्टरों को लगाई जमकर फटकार

वेलकम इंडिया



**असदुल्लाह सिद्दीकी सिद्धार्थनगर।** जिला संयुक्त चिकित्सालय मे व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतों को संज्ञान में लेकर सीएमओ रजत चौरासिया, एसडीम सदर ललित कुमार मिश्रा और सीओ सदर ने औचक निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण में उन्हें कई खामियां मिलीं । जिस को लेकर सीएमओ और एसडीएम ने फटकार भी लगाई, निरीक्षण टीम को कुछ डॉक्टरो के चेंबर में बाहर से हुए अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट, कई अल्ट्रासाउंड और पैथलॉजी और चैंबर के बाहर दलालों की मौजूदगी दिखी। साथ ही वहां मौजूद ज्यादातर डॉक्टर प्रॉपर ड्रेस में नही थे। जिसपर सीएमओ ने नाराजगी जताते हुए इन सब कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। सीएमओ ने डॉक्टरों को बाहर से दवा ना लिखने, मरीजों का अल्ट्रासाउंड बाहर से न कराने, डॉक्टर के चेंबर के अंदर या बाहर दलाल के न होने की हिदायत दी। सीएमओ रजत चौरसिया ने कहा कि जिला अस्पताल परिसर में प्राइवेट एंबुलेंस के भारी संख्या में मौजूदगी और उनके द्वारा मरीजों को बहला फुसलाकर कर प्राइवेट अस्पतालों में ले जाने की शिकायत कई दिनों से मिल रही थी। आज के औचक निरीक्षण में अस्पताल परिसर में कोई भी प्राइवेट एंबुलेंस नहीं मिला उन्होंने कहा कि उन लोगों का यह औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा और अस्पताल में इस तरह की जो भी दिक्कत मरीजों को आ रही है उसको संज्ञान में लेकर उसे जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# कार और टेम्पो के जोरदार भिडंत मे एक की मौत पांच गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया



**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** जोगिया थाना क्षेत्र के ककरही मे कार और टेंपो की आमने-सामने की भिड़ंत में टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसमें सवार दो बच्चों सहित पांच लोगों को गंभीर चोटें आई है। घायलों का इलाज सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।घटना जोगिया कोतवाली क्षेत्र के ककरही घाट के पास की है। जब एक कार विपरीत दिशा से आई और वहां से गुजर रहे एक टेंपो से टकरा गई ।इस दुर्घटना में टेंपो में सवार सिद्धार्थनगर जिले के हरनी बुजुर्ग निवासी 45 वर्षीय बालकृष्ण पांडे की मौके पर मौत हो गई जबकि उसमें सवार दो बच्चे एक महिला टेंपो ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए जिनका इलाज सिद्धार्थनगर जिले के मेडिकल कॉलेज में चल रहा है ।एक्सीडेंट के बाद कार चालक मौके से फरार होगया। घटना के बारे में टेंपो चालक ने बताया कि अपने वह नौगढ़ की तरफ से बाँसी जा रहा था इस बीच बाँसी की तरफ से रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मारी। उसके बाद का उसे कुछ पता नही। जबकि इलाज करने वाले डॉक्टर प्रखर ने बताया कि टेंपो कार दुर्घटना में घायल छह लोगो को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई, बाकी 5 का उपचार किया जा रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल समिति की बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागा, विकास भवन में जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में उ०प्र० भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम के अन्तर्गत जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद द्वारा घरेलू या कृषि उपयोग के लिये कूप रजिस्टरिकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र एन०ओ०सी० नवीनीकरण के लिये निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त 32 आवेदनों के निस्तारण हेतु सभी नामित सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि किस प्रकार से भूजल स्तर में उत्कृष्ट सुधार किया जा सके।

जिन लोगों द्वारा अवैध रूप से भूजल दोहन किया जा रहा है या जिनका पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है वहां बोरवेल सीलिंग करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होने कहा कि तालाबों का बाह्य सौन्दर्यकरण तो होना चाहिए किन्तु उससे भी अधिक आवश्यक यह है कि जनपद में जहां–जहां तालाब बने हैं उनका निरीक्षण करते हुए तालाबों द्वारा कितना भूजल रिचार्ज हो रहा है इसकी जानकारी प्राप्त की जाएं। इस मौके पर जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि वह जल्द ही तालाबों का औचक निरीक्षण करेंगें। बैठक में उ०प्र० भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत घरेलू या कृषि उपयोग के लिए कूप के रजिष्ट्रीकरण, कूप हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण, वेधन अभिकरण (ऊ१ह्लह्लल्लॅ अ?ैल्लू८) के रजिष्ट्रीकरण हेतु, वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक अथवा अवसंरचनात्मक अथवा सामूहिक उपभोक्ता उपयोग के लिए कूप के अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु प्राप्त कुल आवेदनों का निस्तारण किया गया। जिसमें पंजीकरण हेतु 14 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 11 आवेदन स्वीकृति और 03 अस्वीकृति मिली। अनापत्तिनवीनीकरण हेतु 12 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 07 आवेदन स्वीकृति और 05 अस्वीकृति मिली। अनापत्तिनवीनीकरण हेतु 06 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 05 आवेदन स्वीकृति और 01 अस्वीकृति मिली। इस प्रकार कुल 32 आवेदनों में से 23 पर स्वीकृति व 09 पर अस्वीकृति मिली। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि गत बैठक में प्राप्त निदेर्शानुसार अवैध रूप से संचालित आर०ओ० प्लांट/कार धुलाई सेंटर से हो रहे भूजल दोहन की प्राप्त शिकायतों के क्रम में 15 दिन का समय देते हुये स्वयं बोरवेल का कनेक्शन बन्द कर कार्यालय को शपथ पत्र न देने वाली शिकायतों पर की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में (गत माह शिकायतों के माध्यम से कुल दिये गये नोटिस 05, जिसमें 05 आर०ओ० प्लांट को सील करते हुये दो लाख रुपए (रू0 2,00,000/-) का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त सभी इकाइयों से अनापत्ति प्रमाण पत्र नवीनीकरण की शर्तों के अनुपालन में किये जाने वाले भूजल रिचार्ज हेतु जल संचयन/जल शक्ति केन्द्र के विकास कार्यों को कराये जाने हेतु अच्छादित होने वाली धनराशि का व्यय लागत अनुसार आर०इ०डी० (रूरल इंजिनियरिंग डिपारटमेन्ट) के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सृष्टि जायसवाल, नोडल अधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद, गाजियाबाद, अकिंता राय हाइड्रोलॉजिस्ट भूगर्भ जल विभाग, गौतम बुद्धनगर, पीयूष चन्द राय, खण्ड विकास अधिकारी भोजपुर, निधि सिंह जिला उद्यान अधिकारी जिला उद्यान विभाग, गाजियाबाद, आकाश वशिष्ठ नामित सदस्य, विकास यादव एरिया मैनेजर उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द गाजियाबाद, कुवँर सन्तोष कुमार सहायक अभियन्ता उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, राम दत्त सहायक अभियन्ता जल निगम, ग्रामीण, गाजियाबाद, अमित कुमार सहायक जिला कृषि अधिकारी कृषि विभाग गाजियाबाद, शशांक गुप्ता रेन्ज अधिकारी उ०प्र० वन विभाग गाजियाबाद, शेष मणि यादव अवर अभियन्ता नगर निगम गाजियाबाद उपस्थित रहे।

## दोस्त के साथ पत्नी के फ्लैट पर पहुंचे पति ने किया हमला

**गाजियाबाद।** विवाद के चलते बेटियों के साथ अलग रह रही पत्नी पर युवक ने चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने बीच बचाव के लिए आगे आई बेटी के हाथ में भी दांत से काट लिया। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति के साथ एक और युवक भी था। तहरीर में पत्नी ने यह भी आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर आरोपी ने कई जगह से लोन ले रखा है। महिला ने पुलिस को बताया है कि जबरन तलाक लेने के लिए हमला किया गया है। रीना अपनी तीन बेटियों के साथ लोनी रोड स्थित सोसायटी- 99 में रहती हैं। उनके पति संजय खोड़ा में रहते हैं। आपसी विवाद के चलते पत्नी अलग फ्लैट में रहती हैं। 12 दिसंबर, 2024 को संजय अपने एक दोस्त सनी राज को साथ लेकर रीना के फ्लैट में पहुंचे और तलाक देने के लिए गाली गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि संजय ने हमला करने के लिए चाकू निकाला तो रीना ने बचाव के लिए चाकू पकड़ लिया, इस दौरान रीना के सीधे हाथ ही तीन उंगलियां कट गईं। बेटी मां के बचाव के लिए आगे आई तो संजय ने उसके हाथ में दांत से काट लिया। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में खोड़ा थाना पुलिस ने रीना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के द्वारा गंभीर आरोप लगाए गए हैं। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंकों से लोन लेने का भी आरोप है। पुलिस तहरीर में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारत ए आई लैब के सौजन्य से यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका मैटर कुमारी आर्या चंद्रा द्वारा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में भाषा, गणित एवं तकनीकी विषय को विश्व स्तर पर दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य की सह इंटरनेशनल मैटर श्री मधुप चंद्रा, कुमारी आर्या चंद्रा एवं आन्या चंद्रा का आगमन दिनांक 2-01-2025 को हुआ। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के विभिन्न कौशल कार्यों का प्रदर्शन एवं भविष्य में 21वी सदीं के विश्व स्तर पर आवश्यक शिक्षा संबंधी आगामी सहयोग गतिविधियों की रूपरेखा भी तैयार की गई। कुमारी आर्या चंद्रा द्वारा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल एवम यूएसए के छात्रों के आपसी भाषा एवं तकनीकी विनिमय संबंधी विषय पर छात्रों के साथ जानकारी साझा की तथा सभी मेंटर द्वारा बच्चों के कौशल प्रदर्शन की सराहना की गई। स्कूल प्रबंधन श्री तुषार गुप्ता एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई तथा उनके द्वारा किए जा रहे गुणवत्ता पूर्ण कार्य एवं प्रशिक्षण से बच्चों में आ रहे बदलाव की सराहना की।

## श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में प्रदीप त्यागी को अध्यक्ष व विवेक त्यागी को प्रबंधक चुना गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** कस्बा निवाड़ी स्थित श्री कृष्णा इंटर कॉलेज की प्रबंध कमेटी का चुनाव शुक्रवार को सम्पन हो गया। प्रदीप त्यागी ठेकेदार को अध्यक्ष व विवेक त्यागी को कॉलेज का प्रबंधन चुना गया है। चुनाव अधिकारी पूर्व प्रधानाचार्य महेश त्यागी व पर्यवेक्षक राजकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय मतौर की प्रधानाचार्य वंदना रस्तोगी को नियुक्त किया। चुनाव अधिकारी महेश त्यागी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रदीप त्यागी ठेकेदार ,उपाध्यक्ष तिलकराम त्यागी,प्रबंधक विवेक त्यागी ,उप प्रबंधक महेशचंद्र त्यागी,सुखबीर सिंह कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। इसके अलावा गन्नु सिंह त्यागी,रामतौर त्यागी ,राजीव कुमार शर्मा,राकेश त्यागी,किरन कुमार,सुबोध,सवाजीत त्यागी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। प्रदीप त्यागी ठेकेदार को अध्यक्ष व विवेक त्यागी को प्रबंधक चुने जाने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

# मोदी कॉलेज की जीव विज्ञान प्रयोगशाला में गेल इलेक्ट्रो फोरेसिस का प्रयोग कराया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** मोदी कॉलेज की जीव विज्ञान प्रयोगशाला में गेल इलेक्ट्रो फोरेसिस का प्रयोग कराया गया। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज की जीव विज्ञान प्रयोगशाला में जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ नीतू तथा आईएएमआर की बायोटेक विभाग की टीम द्वारा डीएनए आइसोलेशन तथा गेल इलेक्ट्रोफॉरेसिस का प्रयोग कराया गया। जिसमें आइसोलेटेड डीएनए का पृथक्करण कराया जाता है कॉलेज के 12वीं तथा 11वीं कक्षा के लगभग 200 छात्रों ने इस प्रयोग के माध्यम से यह सीखा की डीएनए को कैसे पृथक किया जाता है। पृथक करने की यह क्रिया सभी विद्यार्थियों ने लाइव देखा व सीखा। इस प्रयोग को कैसे किया जाता है तथा डीएनए बैंड्स एग्रोस गेल में कैसे बनते हैं। यह बच्चों को सिखाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ नीतू तथा लालमोहन सिंह का विशेष योगदान रहा। जिसके लिए बच्चों ने पूरी लगन से, पूरे ध्यान से इस प्रयोग को दिखा और विद्यालय का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय की जीव विज्ञान प्रयोगशाला जनपद में अपना एक अलग स्थान रखती है। जिसमें लगभग 100 छात्र एक साथ प्रयोगात्मक कार्य कर सकते हैं। निकट भविष्य में जीव विज्ञान प्रयोगशाला में एक प्रोजेक्टर और स्मार्ट क्लास की योजना बनाई गई है जिससे छात्र और अधिक लाभान्वित होंगे प्रयोगशाला में जन्तु विज्ञान के अनेक प्राचीन मॉडल बच्चों को अवलोकनार्थ रखे हुए हैं। आज विद्यालय में जीव विज्ञान के लगभग 300 छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

# यूपी सिक्ख मिशन द्वारा सरदार एस पी सिंह का सम्मान



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस पी सिंह का यूपी सिक्ख मिशन( शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी) के प्रभारी सरदार बृजपाल सिंह द्वारा सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिक्ख मिशन द्वारा सरदार एस पी सिंह को श्री दरबार साहिब, अमृतसर का चित्र व धर्म प्रचार की पुस्तकें भी भेंट की गई। श्री सिंह ने मिशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था धर्म प्रचार कार्य को बेहतर तरीके से निभा रही है और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में भी अहम योगदान दे रही है। सिक्ख मिशन के प्रभारी बृजपाल सिंह ने कहा कि आयोग का सदस्य रहते हुए सरदार एस पी सिंह द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों को संगठित करने का कार्य किया था और लोगों की समस्याओं को भी सुना और समाधान भी कराया था और आज भी समाज को जागरूक करने व सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का कार्य करते रहते हैं। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर सरदार अजीत सिंह व सरदार जसविन्दर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जलापूर्ति न होने से निवाड़ी कस्बा वासियों को हो रही परेशानी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी मे कई सो घरों में करीब 5 दिन से टंकी के पानी की सप्लाई न होने से बच्चों व महिलाओं को अपने घर से कई किलोमीटर दूर से पानी हैंडपंप से बाल्टीयों में लाने से बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसान व मजदूरों को अपने पशुओं को पानी पिलाने में दिक्कत आ रही है। पानी की लाइन जर्जर हो चुकी हैं नगर पंचायत निवाड़ी मे ईओ शैलेन्द्र कुमार निवाड़ी में विकास कार्यों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रह रहे हैं, नहीं नगर पंचायत दफ्तर पर बैठ रहे हैं, ना ही सभासदों का फोन उठाते हैं। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के न आने से सर्दियों का मौसम चल रहा है न अलाव की व्यवस्था है। अधिशासी अधिकारी के दफ्तर में न आने से कस्बे में सभी विकास कार्य चौपट हो चुके हैं अगर जल्दी से जल्दी इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो क्षेत्र के सभासद वाह पूर्व सभासद पूर्व अध्यक्ष क्षेत्र के किसान मजदूर मिलकर भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के बैनर तले मोदीनगर तहसील में धरना प्रदर्शन करेंगे। नगर पंचायत निवाड़ी में किसान व सभासदों ने मिलकर एक मीटिंग की नगर पंचायत निवाड़ी में अधिशासी अधिकारी को लेकर बड़ा रोश है ।दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा है कि कस्बे में जलापूर्ति की समस्या को अगले दो दिन में ठीक कराकर जलापूर्ति सुचारू रूप से कर दी जाएगी। बैठक में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्यागी, सभासद मंगू केवट, सभासद जगदीश, सभासद राजकुमार, सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन संजीव त्यागी, बिट्ठू त्यागी, निक्कू त्यागी, सचिन कुमार, धर्म जाटव, अब्बास खान, इंद्रजीत गोयल, प्रवेश लाला, राजा, राजकुमार प्रजापत, बिजेंदर केवट आदि लोग मौजूद रहे।

## कार से लोगों को कुचलने का प्रयास, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** पटेल नगर में बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोकने के वाले सेंट्रो सवार युवक ने जमकर तांडव मचाया। गंदी– गंदी बकीं। खुद को कबड्डी पहलवान राजू बताने वाले युवक ने युवक के मुंह पर वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और फिर उसे कार से कुचलने की कोशिश की। हमलावर जाते– जाते खुद को राजू पहलवान बताते हुए धमकी देकर चला गया। बोला राजू पहलवान नाम है मेरा, आ जा अपने जैसे बना दूंगा....। महिलाओं की मौजूदगी में गंदी– गालियां बकते इस कथित राजू पहलवान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूरा घटनाक्रम सिहानीगेट थानाक्षेत्र अंतर्गत पटेलनगर में गुरुवार देर रात का है। आरोपी ने खुद हो लोगों को घिर पाकर उन्हे गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया।

# जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर स्थित जवाहरलाल मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किये।

शुभारंभ मुख्यअतिथि यंत्र इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक विनीत शर्मा व यंत्र महिला वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्षा वंदना शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव में थीम महौलियत, सेव अर्थ और गंगा नदी आदि पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, मुकदर्शक व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतियों की झलक देखने को मिली। वंदना शर्मा ने विद्यालय की होनहार छात्राओं को पुरस्कृत किया। बेस्ट शिक्षिका मंजू सिंह, बिन्नी रानी, सविता देवी, रेखा चौधरी, सरिता यादव, रंगोली, उपासना को पुरस्कृत किया गया। वहीं बिटटू, मनोज कुमार, सतपाल को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या रेनू तोमर और प्रबंधक चांद किशोर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एडीआईओएस सतीश कुमार पांडेय, गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी आदि मौजूद रहे।

# रविवार को नमो भारत को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी, इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर (दिल्ली) सेक्शन की शुरूआत करने गाजियाबाद आएंगे। पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। रविवार सुबह सात बजे से ही लिंक रोड पर कमर्शियल वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। पीएम के शहर में रहने के दौरान हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से वैशाली मेट्रो स्टेशन तक लिंक रोड पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रविवार को सुबह सात बजे से प्रधानमंत्री का कार्यक्रम संपन्न होने तक मोहननगर से यूपी गेट के बीच लिंक रोड पर कोई कमर्शियल वाहन नहीं चलेगा। इतना ही नहीं हिंडन एयरफोर्स स्टेशन (गोल चक्कर) से मोहन नगर और वजीराबाद रोड पर करन गेट पुलिस चौकी के बीच भी कमर्शियल वाहनों के परिचालन पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा नागद्वार से हिंडन एयरफोर्स गोल चक्कर के बीच भी कमशियल वाहन नहीं चलेंगे। यह डायवर्जन प्रधानमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होने तक लागू रहेगा

। मोहननगर से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन प्रवेश द्वार के मध्य सभी प्रकार के भारी / मध्यम / हल्के कमर्शियल वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मोहननगर से यूपी गेट के मध्य समी प्रकार के भारी/ मध्यम/ हल्के कमर्शियल वाहनों का आवागमनपूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। करनगेट गोलचक्कर से हिंडन एयरफोर्स स्टेशन प्रवेश द्वार की ओर सभी प्रकार के भारी/ मध्यम/ हल्के कमर्शियल वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार होकर हिंडन एयरफोर्स स्टेशन प्रवेश द्वार की ओर सभी प्रकार के भारी/ मध्यम / हल्के कमर्शियल वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान हिंडन एयरफोर्स स्टेशन प्रवेश द्वार से वैशाली मेट्रो स्टेशन (वाया मोहननगर) के मध्य समी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) पीयूष कुमार सिंह ने रूट डायवर्जन के मद्देनजर सर्वसाधारण से 5 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम की समाप्ति तक उपरोक्त मागों का प्रयोग करने तथा वैकल्पिक मागों का प्रयोग करने की अपील की है।

# मुख्य सचिव महोदय ने माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा की, दिये आवश्यक दिशा–निर्देश





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से समीक्षा की।

माननीय मुख्य सचिव द्वारा इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली गयी। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा के पुख्ते इंतेजाम किए जाएं। परिवहन की पूर्ण व्यवस्था करते हुए सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक का विशेष ध्यान रखा जाएं। रोड़ मैप ऐसा होना चाहिए कि आम जनता को यातायात संबंधी परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां और रोड़ मैप तैयार कर लिया गया। नगरायुक्त महोदय श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि जनपद में सफाई व्यवस्था, सौन्दर्यकरण आदि का कार्य निरंतर जारी है। माननीय प्रधानमंत्री जी के आवागमन मार्ग पर भी सफाई और स्वच्छता की तैयारियां पूर्ण हैं। बैठक में एडीएम सिटी श्री गम्भीर सिंह, एडीएम ई श्री रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट, एसडीएम श्री अरूण दीक्षित, डीआईओ श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वैश्य परिवार की एकजुटता के लिए मैं के स्थान पर हम का करें उपयोग: प्रदीप मितल



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मितल व उनके टीम के इंदिरापुरम आगमन पर शुक्रवार को वैश्य अग्रवाल परिवार द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदीप मितल ने अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी टीम को दी व आगामी कार्यक्रम से अवगत कराया। प्रदीप मितल ने 5 जनवरी को दिल्ली में होने वाले अग्र अलंकरण समारोह में शामिल होने के लिए सभी को आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा देश में 22 करोड वैश्य आर्थिक विकास तथा संपन्नता की मुख्य धुरी है। वैश्य समाज किसी की दया पर नहीं अपितु स्वाभिमान के साथ जीना जानता है। दुनिया भले ही आरक्षण की मांग करें, लेकिन वैश्य समाज की प्रतिभा आज भी बिना किसी के मोहताज हुए स्वाभिमान के साथ मजबूती से जीवन जीती है। वैश्य एकता के लिए तथा परिवार की एकजुटता के लिए मैं के स्थान पर हम का उपयोग करें। मैं में अहम होता है और हम में उदारता भावना दिखाई देती है। यह वैश्य समाज के स्वभाव में होना चाहिए। हमें वैश्य समाज की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मंथन करने की आवश्यकता है। हम सब को एक होना है, एक साथ चलना है तभी हमारे समाज का उत्थान होगा। वैश्य अग्रवाल परिवार के अध्यक्ष अनिल जैन एवं संयोजक प्रदीप गुप्ता ने कहा देश की अर्थ व्यवस्था में वैश्य समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन वैश्य समाज में बिखराव होने के कारण उन्हें वह सम्मान नहीं मिलता। स्वाभिमान से जीने के लिए वैश्य अग्रवाल परिवार नाम का संगठन बनाया गया।

# दुकान में चोरी करते हुए सोसाइटी गार्ड सीसीटीवी में कैद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र की गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी में गार्ड एक दुकान में चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया। दुकान मालिक का कहना है कि उन्होंने आरडब्लूए पदाधिकारियों को सूचना दी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। अब दुकानदार ने थाने में शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी निवासी आयुष गर्ग का कहना है कि सोसाइटी में ही उनकी कंफेक्शनरी की दुकान है। आयुष का कहना है कि उनकी दुकान में कई बार चोरी हो चुकी है, लेकिन चोर का पता नहीं लग रहा था। लगातार हो रही चोरी का पता लगाने के लिए उन्होंने 28 दिसंबर को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो सोसाइटी का गाडे दुकान में चोरी करते हुए पाया गया। आयुष का कहना है कि उसने इसकी फुटेज मेनेजर राहुल त्यागी को भी आरडब्लूए ऑफिस में दी थी, लेकिन गार्ड के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि कई बार में उसकी दुकान से 50 हजार का सामान चोरी हो चुका है। पीड़ित ने सिहानी गेट थाने में शिकायत दी है। एसीपी पूनम मिश्रा का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# आबकारी विभाग की टीम ने दबोचा शराब तस्कर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में अवैध रूप से शराब तस्करी करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। प्रचंड गर्मी हो या फिर कड़ाके की ठंड होने के बाद भी आबकारी विभाग की टीमें दिन के साथ रातों में भी सड़कों पर पहरा देने के साथ-साथ शराब तस्करों के ठिकानों पर भी दबिश देती नजर आ रही है। नववर्ष में सरकारी खजाने को भरने और शराब तस्करों पर कार्रवाई में आबकारी विभाग की टीम न अच्छा प्रदर्शन किया। जिस कारण इस वर्ष सरकारी खजाने में पहले से अधिक इस बार बढ़ोत्तरी हुई है। यह इसलिए कि बाहरी राज्यों की शराब पर सख्ती होने के बाद इस बार भी शराब माफिया की जिले में गाल गलने नही दी। 24 घंटे सख्त पहरा होने और क्षेत्र में चोरी छिपे शराब तस्करी पर कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग की टीम ने पिछले एक माह पूर्व से ही इस बार अपनी तैयारियां तेज कर दी थी। इस बीच ग्राहकों से अवैध रुप से खर्चा-पानी के नाम पर वसूली करने वाले विक्रेताओं पर भी अपना शिकंजा बरकरार रखा। आबकारी विभाग की टीम ने रात के अंधेरे में चोरी छिपे शराब तस्करी करने वाले शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर क्षेत्र की लाइसेंसी शराब की दुकानों से ही शराब खरीदने के बाद उक्त शराब को महंगे दामों में बेचता था। जैसे ही इसकी भनक आबकारी विभाग को लगी तो बिना देरी किए तस्कर को पकडे के लिए अपना जाल बिछाया और शराब तस्करी की पुष्टि और तस्कर को रंगेहाथ दबोचने के लिए आबकारी विभाग की टीम ने पहले अपने मुखबिर तंत्र को भेजा। जैसे ही मुखबिर तंत्र ने शराब तस्करी की पुष्टि की तो टीम ने तस्कर को मौके से रंगेहाथ शराब समेत दबोच लिया।

जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमें अपने-अपने क्षेत्र में दबिश एवं चेकिंग कर रही है। गुरुवार देर रात आबकारी निरीक्षक त्रिवेणी प्रसाद मौर्य की टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। मुखबिर की सूचना पर कल्लूपुरा पक्का तालाब आदि स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान पक्का तालाब के पास अवैध रूप से शराब तस्करी कर रहे निशांत बेदी पुत्र जॉनी निवासी बॉम्बे कॉलोनी नंदग्राम को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से यूपी मार्का के 35 पौवे अवैध देशी शराब मिस इंडिया बरामद किया गया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह दिन में मजदूरी का काम करता है। दिन में ही लाइसेंसी दुकानों से शराब के पव्वे खरीद कर उसे एकत्र कर छिपा देता था। जब रात में दुकान बंद हो जाती तो उसी शराब को क्षेत्र के लोगों को महंगे दामों में बेचता था।

जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया।

# प्रात: कालीन निरीक्षण में नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य प्रहरियों से की मुलाकात



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर को धूल मुक्त बनाने में नगर निगम की टीम लगातार धरातल पर कार्यवाही कर रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन भी किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में बाहरी मार्गों के साथ-साथ वार्डों की आंतरिक गलियों में भी शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। वहीं नगर आयुक्त भी प्रातः कालीन निरीक्षण कर कार्यों का जायजा ले रहे है।

शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सेक्टर-23 संजय नगर पहुंचे और वहां पर कार्य कर रहे सफाई मित्रों से मुलाकात की। मुलाकात के साथ-साथ नगर आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित सफाई मित्रों के साथ चाय भी पी गई और स्वच्छता के प्रति मोटिवेट किया गया। नगर आयुक्त ने कवि नगर, राजनगर, गोविंदपुरम, शास्त्री नगर, महरौली, रजापुर के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। सफाई कर रहे सफाई मित्रों से वार्ता की गई, उनके परिवार जनों का हाल भी जाना गया। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए मोटिवेट भी किया गया। बेहतर कार्य करते हुए पाए गए सफाई मित्रों को मौके पर पुरस्कृत भी किया गया। नगर आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों को गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए शहर वासियों को लगातार जागरूक करते रहने के लिए भी निर्देशित किया। सफाई के उपरांत कूड़े के ढेर प्रतिदिन उठाए जाएं, सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार, जोनल सेनेटरी ऑफिसर ओमपाल, सफाई निरीक्षक हिमांशु व अन्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देगी वैश्य फाउंडेशन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के नव नियुक्त पदाधिकारियों की शुक्रवार को एक बैठक नेहरू नगर में आयोजित की गई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए (डॉ.) विनय मित्तल ने बैठक में सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया और ट्रस्ट के उद्देश्यों और कार्यशैली से अवगत कराया। उन्होंने संस्था के नव नियुक्त पदाधिकारियों को बताया कि संस्था सामाजिक हित के सभी कार्यों में अपना योगदान देगी। संस्था न केवल मैरिज और धर्मशालाओं तक ही सीमित रहेगी वरन वैश्य समाज के व्यापार में वृद्धि, सुरक्षा और अन्य जरूरी मुद्दों पर सरकार को अपने सुझाव भी देगी। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री अरिवलेन्द्र गर्ग ने वैश्य समाज के उत्थान के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष देवेंद्र हितकारी ने सभी उपस्थित सदस्यों को भरोसा दिलाया कि संस्था आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और समाज उत्थान का कोई भी कार्य छोड़ा नहीं जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष (उद्योग विकास विंग) उत्तर प्रदेश, राजीव गोयल ने बताया कि अब हम संगठित तरीके से व्यवसाय की समस्या सुलझाने में सहयोग कर सकेंगे और समय- समय पर सभी कारोबारियों को नई-नई योजनाओं से अवगत करा सकेंगे। इस अवसर पर कमल सिंघल को गाजियाबाद जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश मंगला को जिला उपाध्यक्ष, कपिल कुमार सिंघल को जिला महासचिव, पुनीत गर्ग को जिला सचिव, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता को जिला कार्यकारिणी सदस्य, मनीषा गर्ग को जिलाध्यक्ष (महिला विंग) गाजियाबाद, मोनिका गर्ग को जिला महासचिव (महिला विंग) गाजियाबाद और वंदना रानी को जिला सचिव (महिला विंग) गाजियाबाद, गणेश कुमार गर्ग को जिलाध्यक्ष (उद्योग विकास विंग) गाजियाबाद, देवांग गुप्ता को जिला सचिव (उद्योग विकास विंग) गाजियाबाद मनोनीत किया गया। भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की बैठक में रंजना रानी, विनीत गर्ग, शुभम अग्रवाल (आगरा) और सुषमा सिंघल आदि की भी मौजूदगी रही। सभा के अंत में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नव्या मित्तल ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

# दवा कारोबारी से 1.17 लाख रुपये हड़पे

**गाजियाबाद।** नई बस्ती घंटाघर निवासी नितिन गोयल का कहना है कि नई बस्ती में उनकी दवाइयों की दुकान है। कविनगर थानाक्षेत्र की स्कार्डी ग्रीन सोसाइटी में दीपक गुप्ता, गरिमा अग्रवाल और कृष्णवीर की राम मेडिकोज नाम से फर्म है। दीपक गुप्ता ने उनकी फर्म रतन मेडिकोज से सितंबर 2023 से दिसंबर 2023 तक 1.17 लाख रुपये का माल खरीदा था, लेकिन भुगतान नहीं किया। कई बार तगादा करने पर दीपक गुप्ता उन्हें टरकाने लगा। कई महीने बीत जाने के बाद दीपक गुप्ता ने 30 अप्रैल 2024 को 50 हजार रुपये का चेक दिया। बैंक में लगाने पर चेक बाउंस हो गया। पुलिस में शिकायत करने पर दीपक गुप्ता ने लिखित में दिया कि वह 31 जुलाई 2024 तक 50 हजार रुपये का भुगतान कर देगा। इसके बदले में उसने 1.17 लाख रुपये का चेक भी दिया, जिसे भुगतान के बाद लौटाने की बात तय हुई।

# सड़क हादसों में कैंटर चालक की मौत, बाइक सवार दो भाई घायल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कैंटर चालक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक और घायलों के परिजनों की शिकायत पर वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने आरोपी चालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बठिंडा पंजाब के पुजाओं वाला मोहल्ला निवासी कुलवंत सिंह का कहना है कि उनके 50 वर्षीय भाई बलविंदर सिंह ट्रक चालक थे। एक जनवरी की सुबह करीब 10 बजे वह कैंटर लेकर लालकुआं पहुंचे थे।

वहां बुलंदशहर रोड स्थित श्रीनाथ पार्किंग में कैंटर खड़ी करके सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान लालकुआं की तरफ से तेज रफ्तार में आए टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में कुलवंत सिंह ने दो जनवरी को वेव सिटी थाने में शिकायत दी। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपी टेंपो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। दूसरे मामले में उस्मान कॉलोनी डासना निवासी सोहिल खान का कहना है कि दो जनवरी की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनके भाई बाबू और इमरान अली बाइक पर शाहबेरी की तरफ जा रहे थे। लोट्स सिटी सोसाइटी के सामने एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनके दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, घटना को अंजाम देकर आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में सोहिल खान ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# समस्याओं के समाधान के लिए नगर आयुक्त पहुंचे जनता के द्वार

वेलकम इंडिया

**इंदिरापुरम में हुई जन चौपाल, 7 वार्डों के पार्षदों सहित क्षेत्र वासियों ने की सीधी बात**

**गाजियाबाद।** जन समस्याओं के समाधान को लेकर जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरापुरम वार्ड संख्या 100 शिप्रा सनसिटी के बाल वाटिका पार्क में शुक्रवार को जन चौपाल लगाई गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में लगी चौपाल में लोगों की समस्याओं को सुना गया। मौके पर नगर निगम के सभी विभाग के अधिकारी टीम, वार्ड पार्षद और क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहें। जन चौपाल के दौरान नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक बहिष्कार के लिए अपील की। क्षेत्र वासियों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर निगम के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को देने के लिए भी अपील की गई। इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की समस्या क्षेत्रीय निवासियों द्वारा बताई गई जिस पर नगर आयुक्त द्वारा जोनल प्रभारी एसके राय को अभियान चलाने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 57 वार्ड संख्या राधेश्याम त्यागी, वार्ड संख्या 100 संजय सिंह, वार्ड संख्या 79 हरीश, वार्ड संख्या 81 धीरज, वार्ड संख्या 87 अनुज, वार्ड संख्या 99 अभिनव जैन व अन्य निवासियों द्वारा नगर आयुक्त और निगम अधिकारियों का इंदिरापुरम हैंडोवर को लेकर धन्यवाद एवं स्वागत भी किया गया। जन चौपाल में आठ संदर्भ प्राप्त हुए। साथ ही सीवर मैन हॉल ओवरफ्लो की समस्या के समाधान को लेकर चर्चा भी की गई। नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम में 97 पार्कों को सुसज्जित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा रफ्तार से कार्यवाही करने के उद्यान प्रभारी डॉ अनुज कुमार सिंह को निर्देश दिए गए। साथ ही डॉक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सभी वार्डों में ओपन जिम भी लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निर्माण एवं जलकल विभाग को भी इंदिरापुरम क्षेत्र में रफ्तार से कार्य करने के लिए कहा गया। जन चौपाल के दौरान क्षेत्र वासियों ने इंदिरापुरम अंतर्गत बनने वाले जोनल ऑफिस पर प्रशंसा भी जाहिर की। महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में इंदिरापुरम क्षेत्र में भी विकास के कार्यों को रफ्तार देने का कार्य निगम कर रहा है।

